


रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 07 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-48 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### अश्वनी वैष्णव और सिंधिया ने मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**मुरैना।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अंतर्गत जौरा अलापुर तथा कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन उपरांत नवनिर्मित रेलखंड का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों द्वारा जौरा अलापुर मेमू ट्रेन को कैलारस स्टेशन तक विस्तारित सेवा को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### मोदी स्वामी विवेकानंद की बात 21वीं सदी भारत के नाम को कर रहे हैं साकार : भजनलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की बात 21वीं सदी भारत के नाम को साकार कर रहे है और देश की प्रगति और बदलाव नजर आने लगा है। शर्मा भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से राइजिंग राजस्थान और भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर प्रबुद्धजनों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए राइजिंग राजस्थान समिट में सुझाव और सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने वाले सुझाव आमंत्रित है।



### डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगार व भ्रष्टाचार : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को समझ में आ गया है कि 'डबल इंजन सरकार' का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है इसलिए पूरे देश से भाजपा की सरकारें जा रही हैं। केजरीवाल ने आयोजित 'जनता की अदालत में केजरीवाल' कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से भाजपा की 'डबल इंजन सरकारें' जा रही हैं। अब देश में डबल इंजन फेल हो गया है। एक इंजन जून में ही खराब हो गया था, जब इनकी 240 सीटें आई थीं। अब एक-एक करके इनका दूसरा इंजन भी खराब हो रहा है।



# नक्सल ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की महत्वपूर्ण बैठक आज

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नक्सल ऑपरेशन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा तथा पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को इस बैठक में विशेष रूप से बुलाया गया है। बैठक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे अभियानों की समीक्षा करने और आगे की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दिल्ली रवाना हो गए। गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। पिछले नौ महीनों में सुरक्षा बलों ने 190 से अधिक नक्सलियों को समाप्त करने में सफलता प्राप्त की है जिससे नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई को एक नई दिशा मिली है। इस बैठक में नक्सल ऑपरेशन, सुरक्षा बलों की उपलब्धियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा की नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास दोनों को प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में चल रहे अभियानों से इस समस्या के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हो रही है। बैठक में पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे क्योंकि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराज्यीय समन्वय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बैठक में भविष्य की कार्ययोजनाओं और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के लिए आवश्यक कदमों पर भी निर्णय लिया जाएगा। यह बैठक न केवल सुरक्षा बलों की रणनीतियों को सशक्त करेगी, बल्कि नक्सलवाद के समूल खात्मे की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी गति प्रदान करेगी।

## नारायणपुर-दंतेवाड़ा मुठभेड़ में मारे गये 31 नक्सलियों में से 22 की पहचान

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर गत शुक्रवार को माड़ इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये 31 नक्सलियों में से अब तक 22 माओवादियों की पहचान हो गई है जबकि बाकी के नौ माओवादियों के शव की शिनाख्त कार्रवाई की जा रही है। उक्त 22 नक्सलियों पर सरकार ने 1.70 करोड़ का ईनाम घोषित कर रखा था। अभी कुछ और शव मिलने की संभावना से सुरक्षा बलों ने इंकार नहीं किया है। अब तक 22 शवों की पहचान कर ली गई है। मुठभेड़ में एक डीकेएसजेडसी, तीन डीवीसीएम, नौ पीएलजीए कंपनी नंबर-6 के सदस्य, दो डीकेएसजेडसी गार्ड, छह एरिया कमिटी सदस्य और एक एरिया कमिटी के पार्टी सदस्य कैडर के रुप में उनकी पहचान हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ के बाद नक्सलियों की पूरी कम्पनी का सफाया हो गया है बाकी के नौ माओवादियों के शव की शिनाख्त कार्रवाई की जा रही है। जिन माओवादियों की पहचान हो चुकी है उनके नाम इस प्रकार हैं: नीति उर्फ उर्मिला वर्ष पद-(एसजेडसीएम), पूर्व बस्तर डिविजन इंचार्ज सचिव (25 लाख ईनामी) निवासी ग्राम हिरमागुण्डा थाना गंगालूर जिला बीजापुर नाम - नंदू मण्डावी पद -सीवाईपीसी- कंपनी नंबर-06 कमाण्डर (10 लाख ईनामी) निवासी ग्राम कोतराम थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, सुरेश सलाम उर्फ जानकू पद डीव्हीसीएम आमदई एरिया कमेटी (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम छोटे फरसगांव थाना झारा जिला नारायणपुर, मीना नेताम (44) पद डीव्हीसीएम (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम मोहंदी जिला नारायणपुर, महेश पद डीव्हीसीएम (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम घोटिया थाना मालेवाही, जिला दंतेवाड़ा, अर्जुन उर्फ रंजीत (30) पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी.ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) ग्राम डुंगा पल्लेवाया थाना ओरछा जिला नारायणपुर, सुन्दर उर्फ कमलू पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) ग्राम मदूम थाना गंगालूर जिला बीजापुर, बुधराम मड़काम पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) निवासी भैरमगढ़ जिला बीजापुर, मोहन मण्डावी पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम बोदली थाना मालेवाही जिला दंतेवाड़ा,बसंती (30) पति साकेत पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी.ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्या (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर, सोमे पति टुगे उर्फ मानसिंग (30) पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम रेखावट्टी थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर,जगनी कोर्राम (36) पद (पी.पी.सी.एम.) पी.एल.जी.ए. कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम अडेंगपाल थाना बैंगलूर जिला नारायणपुर, अनिल पद-पार्टी सदस्य, पी.एल.जी. ए.कम्पनी नम्बर-06 सदस्य (आठ लाख ईनामी) निवासी ग्राम मदूम थाना गंगालूर जिला बीजापुर, जनीला उर्फ बुधरी (40) पद नीति की गार्ड (5 लाख ईनामी) निवासी ग्राम साकिन कोटमेटा थाना पूँगारपाल जिला कोण्डागांव, अज्ञात महिला, पद नीति की गार्ड (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम इरपानार थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, रामदेर पद एसीएम बयनार एरिया कमेटी सदस्य (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम उसरी थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव, सुक्कु यादव (34) पद बयानार एरिया कमेटी सदस्य (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम कानागांव थाना कोहकामेट्टा जिला नारायणपुर सुकलू उर्फ विजय उर्फ पण्डरू कोर्राम, पद एसीएम बयानार एरिया कमेटी सदस्य (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम कोंगेरा घोटिया पारा थाना झारा जिला नारायणपुर, सोहन उर्फ रोहन पदम, पद एसीएम आमदई एरिया कमेटी सदस्य (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम कुमुरगुण्डा थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर, सोनू कोर्राम, पद एसीएम आमदई एरिया कमेटी सदस्य (पांच लाख ईनामी)निवासी ग्राम सूलेंगा थाना धौड़ाई जिला नारायणपुर, जमली (36), पद एसीएम आमदई एरिया कमेटी सप्लाई सदस्या (पांच लाख ईनामी) निवासी ग्राम मोडोनार तोयामेटा थाना छोटेडोंगर जिला नारायणपुर एवं फुलो उर्फ सुंदरी (30), पद आमदई एरिया पार्टी सदस्या (दो लाख ईनामी) निवासी ग्राम थाना भैरमगढ़, जिला बीजापुर।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाराजा चक्रधर सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाराजा चक्रधर सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि रायगढ़ के महाराजा चक्रधर सिंह का संगीत और शास्त्रीय नृत्य कला की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने नृत्य और संगीत विधा की अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना की। उनकी कला के प्रति साधना के कारण शास्त्रीय नृत्य के रायगढ़ घराना को जाना जाता है। राज्य सरकार द्वारा उनके सम्मान में चक्रधर सम्मान की स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महाराजा चक्रधर सिंह के संगीत और नृत्य कला के संवर्धन और संरक्षण में योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए हर वर्ष रायगढ़ में अखिल भारतीय चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महाराजा चक्रधर सिंह के संगीत और कला के क्षेत्र में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### भाजपा को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में जीत का भरोसा

**श्रीनगर।** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर एवं हरियाणा दोनों जगह विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने का भरोसा जताया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद कल देर शाम आये चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा, भाजपा जम्मू-कश्मीर और हरियाणा, दोनों जगह पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। भाजपा सरकार को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। चुघ ने कहा, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में विकास और विश्वास बनाया है। लोग भाजपा को वोट दे रहे हैं और 8 तारीख को नतीजे आएंगे जिसमें भ्रष्ट और लुटेरे हारेंगे।

### राहुल की महिलाओं से 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को आवश्यक बताते हुए देशभर की महिलाओं से पार्टी के 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील की है। गांधी ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर यह अपील करते हुए महिलाओं से राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। गांधी ने कहा, महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है। सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।

### किसानों की आमदनी बढ़ाना केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक : शिवराज

वार्ता < रांची
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रांची के समीप गढखटंगा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद परिसर में दो बहुउद्देशीय भवन की आधारशिला रखी, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को विशेष प्रशिक्षण देना होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानो की आमदनी बढ़ाना वर्तमान नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए उन्नत खेती पद्धति अपनाने का लगातर प्रयास किया जा रहा है , जिसमें यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादन की लागत कम करने के लिए अच्छे बीज, शोध के माध्यम से, किसानों को उपलब्ध कराने के लिए यहां के रिसर्चर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से कृषि विज्ञान के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी उनके उन्नत भविष्य की शुभकामना दी। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कुछ किसानों को कृषि में प्रयोग आने वाली सामग्रियों का वितरण भी किया। अपने स्वागत भाषण में संस्थान के निदेशक डॉक्टर सुजय रक्षित ने संस्थान के इतिहास व भूमिका की चर्चा करते हुए बताया कि इस संस्थान से अब तक 30 छात्र बीटेक इन बायोटेक्नोलॉजी जैसे विशिष्ट कोर्सों की पढ़ाई कर देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्य कर रहे हैं और वर्तमान में यहां 70 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

### मुंबई में इमारत में आग लगने से एक परिवार के सात सदस्यों की मौत

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र में मुंबई की एक दो मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक परिवार के कम से कम सात सदस्यों की मौत हो गयी, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के करीब पांच बजे चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार, आग भूतल पर एक दुकान में लगी थी, जिसमें बिजली के सामान रखे थे। देखते ही देखते यह ऊपरी मंजिल तक फैल गयी, जहां परिवार रहता था। मृतकों की पहचान प्रीति प्रेम गुप्ता (06), मंजू प्रेम गुप्ता (30), अनीता धर्मदेव गुप्ता (39), प्रेम छेदीराम गुप्ता (30), नरेंद्र गुप्ता (10), विधि छेदीराम गुप्ता (15) और गीतादेवी धर्मदेव गुप्ता (60) के रूप में की गयी है। उन सभी को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अग्निशमन विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी।






## दशहरा-दीपावली को बीते बरसो की तुलना में बहुत बेहतर तरीके से मनाएगी

# पहाड़ी क्षेत्र की रामबाई के लिए महतारी वंदन योजना की राशि किसी संजीवनी से कम नहीं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अपने घर की परछी में मक्के का बीज निकालती रामबाई खुश है कि इस बार दशहरा-दीपावली के त्यौहार के समय बहुत ज्यादा आर्थिक समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। कोरबा शहर से लगभग सौ किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ी इलाकों में रहने वाली रामबाई के लिए जीवनयापन किसी जद्दोजहद से कम नहीं है। वह बताती है कि जब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना शुरू की है तब से उन्हें अपने खाते में हर माह एक हजार रुपए आने की गारण्टी मिल गई है। उनका कहना है कि वह आने वाले दशहरा-दीपावली को बीते बरसो की तुलना में बहुत बेहतर तरीके से मनाएगी। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में दूरस्थ क्षेत्र ग्राम जजगी में रहने वाली रामबाई आयाम बताती है कि इस बार बरसात ठीक-ठाक हुई है लेकिन पहाड़ी इलाकों में पानी का ठहराव कुछ देर तक नहीं रहता। इन इलाकों में मक्के की फसल लेनी होती है। उन्होंने अपनी बाड़ी में मक्के की फसल ली थी, अब मौसम के साथ ही मक्के को तोड़कर बीज अलग कर रही है। रामबाई ने बताया कि उनके क्षेत्र में धान का फसल लेना बहुत बड़ी चुनौती है। कई बार मौसम दगा दे जाता है। बारिश नहीं होने पर भी खेत में ही फसल सूख जाते हैं। ऐसे में ज्यादातर ग्रामीण मक्के सहित कम पानी में पैदा होने वाले फसलों पर ध्यान देते हैं और जीविकोपार्जन के लिए बकरी सहित अन्य पशुओं का पालन करते हैं। रामबाई ने बताया कि उनके गाँव में अधिकांश गरीब परिवार निवास करते हैं। गांव की ज्यादातर महिलाएं जीवकोपार्जन के लिए बहुत जद्दोजहद करती हुई घर चलाती है, उन्हें दिन भर कुछ न कुछ परिश्रम करना पड़ता है। ऐसे में जब महतारी वंदन योजना की शुरूआत हुई तो कुछ महिलाओं को भरोसा नहीं था कि हर माह उनके खाते में एक हजार आएगा। अब जबकि 7 महीने हो गए हैं और एक हजार रुपये निरंतर खाते में आ रहा है तो उनका भरोसा और विश्वास छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति बढ़ता ही जा रहा है। रामबाई ने बताया कि आने वाले समय में दशहरा-दीपावली है। इस दौरान माह में मिलने वाली एक हजार की राशि उनके जैसी अनेक जरूरतमंद महिलाओं के लिए खुशियों के साथ त्यौहार मनाने में मददगार साबित होगी। इस राशि से वे कुछ कपड़े, मिठाई सहित अन्य जरूरी सामग्री अवश्य खरीद पाएंगी।

# पायनियर हलचल...

## वाह बस्तर, वाह.....

बस्तर की कहानी ही कुछ जुदा है। यहां बीते दशकों में लाल आतंक का खौफ रहा। नक्सलियों ने कई दफे जवानों को घेरकर बेरहमी से उनका सीना छलनी कर दिया। राजनेताओं के उपर भी ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गई। ताड़मेटला में नक्सलियों ने सीआरपीएफ के 76 जवानों को एकसाथ निशाना बनाया। झीरम घाटी में कई राजनेताओं को घेरकर गोलियों से भून दिया गया। जवानों के साथ-साथ सत्तापक्ष और विपक्ष ने कई नेताओं को खोया। कई जवानों ने बस्तर की धरती को खून से सींचा। लेकिन लाल आंतक का दौर खत्म नहीं हुआ। ऐसी अनेकों घटनाएं हुई जिसने कई मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया, कई माताओं ने अपने जवान बेटों को खोया, कई महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। लेकिन अब वक्त बदल चुका है, यही बस्तर है, यही जमीन है, यही गोलियां हैं लेकिन निशाने में अब नक्सली हैं। बीते 9 माह में विष्णु सरकार ने नक्सल मामले में निश्चित ही बड़ी जीत हासिल की है। नक्सल मामलों में सरकार की जितनी सराहना की जाए वह कम है। यह पहला मामला है जब 36 से अधिक नक्सलियों को जवानों ने एक साथ घेरकर मार गिराया। अब तक ऐसे मंसूबों में नक्सली कामयाब होते थे, अब जवानों के हौसले बुलंद हैं। वाह बस्तर, वाह .......

## खतरे की घंटी

वैसे तो लोकसभा चुनाव परिणाम में ही भाजपा के लिए जनता ने रेड अलर्ट जारी कर दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा और जम्मू में हुए विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल ने भाजपा के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आने वाले दिनों में महाराष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में भी विधानसभा चुनाव होने हैं, यहां भी भाजपा के उठापटक से जनता बहुत खुश नजर नहीं आ रही है। झारखण्ड के परिणाम भाजपा के पक्ष में हो सकते थे, लेकिन ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को जेल भेजना भाजपा के लिए सरदर्दी बन गया है, फिलहाल झारखण्ड में क्या होगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। इसके बाद दिल्ली और बिहार की जनता को भी चुनाव का वेसब्री से इंतजार है। इस बीच भाजपा और संघ के आंतरिक ढांचे में भी मौजूदा राजनीतिक हालातों को लेकर जमकर खींचतान मची हुई है। कभी कांग्रेस के वादों और चुनावी घोषणाओं को फ्री रेवड़ी की संख्या देने वाली भाजपा तामाम राज्यों में रेवड़ियां ही नहीं रेवड़ियों के साथ चने भी बांटना शुरु कर दी है, उसके बाद भी पूरे देश में पार्टी का गिरता ग्राफ चिंता का विषय है। निश्चित ही यह भाजपा के लिए खतरे की घंटी है।.

## पहले मंत्रीमंडल फिर निगम मंडल

मंत्रीमंडल के पूरा हुए बिना निगम मंडल की परिकल्पना भला कैसे की जा सकती है। राज्य में दो मंत्री पद अभी भी रिक्त हैं, ऐसे में पहले निगम मण्डल के अध्यक्षों की नियुक्ति करना जल्दबाजी होगी। इसलिए कहा जा रहा है कि दीपावली के पहले राज्य में दो नए मंत्री शपथ लेंगे। दरअसल में पहले निगम मंडल की नियुक्तियां करना और बाद में मंत्रीमंडल का विस्तार करना व्यवहारिक और राजनीतिक रुप से उचित नहीं समझा जा रहा, इसलिए निगम मंडल की नियुक्तियां रुकी हुई हैं। हालांकि राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह भी है कि निगम मंडल की सूची लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली रवाना होंगे, लेकिन मंत्रिमंडल के विस्तार के पहले निगम मंडल में मुहर लगने की संभावना कम है। साय मंत्रीमंडल में रायपुर सम्भाग से एक विधायक को जगह मिलने जा रही है। वहीं बस्तर सम्भाग के एक पूर्व मंत्री को भी जगह मिलने की चर्चा है। दरअसल में नगरीय निकाय चुनाव के पहले राज्य सरकार काम की गति को और बढ़ाना चाहती है, ऐसे में दो रिक्त पदों में अनुभवी नेताओं को जगह देने की चर्चा है।

## सदस्यता ले लो, सदस्यता ......

सदस्यता ले लो, सदस्यता.. यह आवाज आपको सुनाई नहीं देती होगी। लेकिन इन दिनों भाजपा के अन्दर और बाहर सिर्फ यही चल रहा है। सदस्यता के लिए भाजपा नेताओं ने अनेकों हथकंडे अपनाने शुरु कर दिए हैं। कुछ दिन पहले भाजपा विधायक पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर ने रिकार्ड 10,000 सदस्य बनाए जिसकी खबरें मीडिया में खूब प्रसारित करवाई गई। लेकिन राजधानी से 50 किलोमीटर की दूरी में एक भाजपा विधायक ने 25000 सदस्य बनाकर समाचार पत्रों में बड़ा-बड़ा विज्ञापन छपवा दिया, और अब विधायक जी 50,000 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ गए हैं। दरअसल में सदस्यता की भी कड़ी रिक्त मंत्री पद और निगम मंडल से जुड़ी हुई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि एक नेताजी ने 45 लाख रुपये में एक इवेन्ट कंपनी हायर की है, जो सदस्य बनाने का काम कर रही है। सदस्य बनने पर 50 रुपये देने की भी बात सामने आई है, बहरहाल सच क्या है? यह तो नेताजी ही जानेंगे। अजय चंन्द्राकर जैसे अनुभवी नेता 10,000 के आकड़े में सिमट के रह गए, नये नवेले विधायक जी ने 25000 का आकड़ा पार करके पेपरों में विज्ञापन छपवा दिया, जिसकी जमकर चर्चा हो रही है।

## क्लाईमेट चेंज पर राजनेता कितने गंभीर?

क्लाईमेट चेंज को लेकर राजधानी में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में अलग-अलग मद से जनता के 3 करोड़ रुपये उड़ा दिए गए। वास्तव में सिस्टम और राजनेता क्लाईमेट चेंज को लेकर कितने गंभीर हैं? इस पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल में एक ओर छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहलाने वाला हसदेव अरण्य अडानी के द्वारा छलनी किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार ने बकायदा परमीशन दी है। दूसरी ओर क्लाइमेट चेंज को लेकर कार्यशाला आयोजित कर इसके लिए चिंता जाहिर करना दोनों में खुले तौर पर विरोधाभाष दिखाई देता है।

खैर इस कार्यशाला का उद्देश्य यदि वास्तव में क्लाइमेट चेंज पर चिंता करना है, तो निश्चित ही सरकार की यह पहल सराहनीय है। और यदि आयोजन का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक और राजनीतिक लाभ लेना और देना मात्र है, तो इस पर अब भी समय है कि राजनेताओं और सिस्टम को गंभीर हो जाना चाहिए। क्लाईमेट चेंज का असर हम सब खुली आंखों से देख रहे हैं। आज अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह बीत चुका है, लेकिन राजधानी में ठंड की कहीं भी शुगबुगाहट तक नहीं दिख रही। अक्टूबर माह में भी गर्मी और भयंकर उमस क्लाईमेट चेंज का ही प्रभाव है। इसलिए क्लाईमेट चेंज को लेकर राजनेताओं को वास्तव में गंभीर होने की आवश्यकता है।

## निशाने में अफसर

संख्या बल में मजबूत कांग्रेस विपक्ष की भूमिका आक्रामक रूप से निभाने की तैयारी में है। लेकिन मुख्यमंत्री के रुप में भाजपा ने एक सरल और सहज राजनेता का चुनाव किया है, इसलिए कांग्रेस उन्हें लाख प्रयासों के बाद भी घेरने में कामयाब नहीं हो पा रही। सम्भवतः इसीलिए कांग्रेस ने राज्य के अफसरों को निशाने में लेना शुरु कर दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और साहू समाज के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू ने लोहरीडीह के घटना को लेकर कलेक्टर और एसपी पर अपराध दर्ज करने की मांग की है। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि सरकार घटना को दबाने की कोशिश कर रही है। भूपेश बघेल ने बकायदा पीसी लेकर सवाल खड़े किए हैं कि प्रशांत साहू की मौत के लिए कितने पुलिस कर्मियों और और अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भूपेश ने अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि क्या तत्कालीन कलेक्टर और एसपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है? पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस के इरादे साफ दिख रहे हैं कि वह राज्य के अफसरों को घेरने में तनिक भी कोताही नहीं बरतेंगे।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# जल जगार महा उत्सव में जल सभा : पहले दिन स्कूली बच्चे ग्राम सभा में पारित किए जल और वन संरक्षण के लिए संकल्प, जिसे मुख्यमंत्री ने भी सराहा

## सदन में मानवीय सभ्यता और संस्कृति में जल की भूमिका, संकट और भविष्य की दिशा पर गहन चर्चा के बाद बनी आपसी सहमति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




विधानसभा अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष की निभाई भूमिका

लोगों को जल से जोड़ने एवं सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य गंगरेल जहां दो दिवसीय जल जगार महा उत्सव मनाया जा रहा है। वहाँ समुदाय का हर वर्ग इसका अंग बने यह भी कोशिश है । इसी कोशिश का एक हिस्सा है जल सभा। धमतरी शहर से लगभग 14 किलोमीटर की दूरी पर गंगरेल में स्थित रविशंकर जलाशय गंगरेल में जल( डैम) के निकट जल सभा का भी आयोजन हो रहा है। जल सभा का आयोजन गंगरेल रेस्ट हाउस के परिसर में किया गया। इसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर सहभागिता निभाई थी। जब शाम के वक्त प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय पहुँचे तब बच्चों ने जीवंत ग्राम सभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने ग्राम सभा में आयोजित होने वाली विभिन्न कार्रवाही के साथ विभिन्न मुद्दों एवं जल संरक्षण के लिए पारित संकल्पों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ग्राम सभा में गाँव में पेयजल और स्वच्छता समिति गठित की गई है और जल वाहिनी दीदियाँ नियुक्त की गयी है, जो जल और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराती हैं। उनके गाँव में गंदे पानी के उपचार के लिए भी कार्रवाही होती है। फ्लोराइडयुक्त पानी वाले हैंडपंप को लाल और आयरन अधिकता वाले हैंडपंप को काले रंग से चिह्नित किया गया है।

ग्राम सभा अध्यक्ष जोकि कक्षा बारहवीं की छात्रा फाल्गुनी साहू बनी थीं, उन्होंने बताया ग्राम सभा में नल मरम्मत का कार्य, स्वच्छता गाड़ी की व्यवस्था, तालाब गहरीकरण एवं वर्षा जल संचयन के लिए संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित ग्राम सभा की कार्रवाही देख मुख्यमंत्री साय ने जल संरक्षण और साफ सफाई के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना भी की। दूसरे दिन जल सभा में छत्तीसगढ़ के कॉलेज के स्टूडेंट्स ने जल असेंबली में शामिल होकर अपनी-अपनी भूमिका निभाई। जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सदन में मानवीय सभ्यता और संस्कृति में जल की भूमिका, संकट और भविष्य की दिशा पर चर्चा की। पक्ष विपक्ष से चर्चा कर निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया गया कि जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता लायी जाये। जल सभा में पचास महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने नेताओं की भूमिका अदा करते हुये जल असेंबली का संचालन किया और अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, सिंचाई एवं जल मंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, आदिवासी मामले का मंत्री, खनन एवं उद्योग मंत्री, कृषि मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा सचिव की भूमिका निभायी। सदन में मानवीय सभ्यता और संस्कृति में जल की भूमिका, संकट और भविष्य की दिशा पर चर्चा कर जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों से गरमा गरमा बहस के बाद जल संरक्षण के लिए सबकी सहमति भी बनी। यह सदन की सफल कार्रवाही रही भावी पीढ़ी को हरा भरा वन, साफ पानी और सुंदर भविष्य देने के लिए।

# जशपुर क्षेत्र में विद्युत लाइनें, फीडर बे ऊर्जीकृत, 423 गांव व 1083 टोलों को लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में जशपुर क्षेत्र में 3 अतिमहत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुये। एक पारेषण लाइन तथा दो फीडर बे ऊर्जीकृत किये गए। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर टांसमिशन कंपनी के एम डी राजेश कुमार शुक्ला की सतत मानीटरिंग के कारण यह कार्य शीघ्रता से पूर्ण किये गए। पत्थलगांव तथा जशपुर के दो नग 132/33 केवी उपकेंद्रों के बीच सेकंड सर्किट लाइन 106.5 किलोमीटर को ऊर्जीकृत किया गया, जिसकी परियोजना लागत 13.58 करोड़ रु. है। 132/33 के.वी.उपकेंद्र जशपुर में फीडर-बे तथा 132/33 केवी उपकेंद्र पत्थलगांव में फीडर-बे भी ऊर्जीकृत किया गया। इनकी लागत 2. 13 करोड़ रु. है। इस अवसर पर गौतम केनार, जी आर जायसवाल, जेपी सिदार, नवीन मिश्रा, बसंत टोप्पो, एच. वारे, भूपेश पैकरा आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। इन विकास कार्यों से 423 गांवों, 1083 टोलों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नवागत अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कार्यभार संभालने के बाद स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का अवलोकन किया तथा उत्पादन, पारेषण, वितरण तीनों कंपनियों की पृथक-पृथक परिचयात्मक बैठक ली।

## हाफ मैराथन के जरिये जल बचाने की कवायद में लोग दिखा रहे उत्साह



**धमतरी।** जल जगार महा उत्सव के दौरान रविवार दूसरे दिन अल सुबह हाफ मैराथन में सैकड़ों की तादाद में लोग पहुँच गये और जल जागरूकता के लिए आयोजित इस विराट आयोजन का हिस्सा बने। रविशंकर जलाशय गंगरेल डैम के मुहाने से शुरू हुई इस हाफ मैराथन को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया। इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है। गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किलोमीटर का मैराथन रन एन्डुरन्स रन के तहत 10 किलोमीटर का मैराथन और इसके साथ ही पारिवारिक मनोरंजन के लिए वॉकेथॉन के तहत 5 किलोमीटर का मैराथन में पुरुष और महिला दोनों श्रेणी में लोग हिस्सा लेते नजर आये। ज्ञात हो यह पूरा आयोजन गंगरेल डैम के गेट से लेकर कुकरेल तक आयोजित किया गया और इससे पहले स्वस्थ तन मन के लिए जुंबा करते विभिन्न धुनों पर लोग थिरकते भी नजर आये।

## मुख्यमंत्री साय को मिला रास गरबा में शामिल होने निमंत्रण



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित निवास में रायपुर रास 2024 के आयोजकों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 8 व 9 अक्टूबर को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय रास गरबा के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आयोजकों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया एवं आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सार्थक शर्मा, भावेश शर्मा व आयोजक भी उपस्थित रहे।

## माँ काली के मंदिर में पूजन कर डॉ. रमन सिंह चौथे दिन नि:शुल्क डोंगरगढ़ दर्शन-9 का किया शुभारंभ



**रायपुर।** नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी युती को अपना ध्येय वाक्य मानकर कार्य करने वाली कालीमाता अन्नदान भण्डारी समिति द्वारा विगत 8 वर्षो से शहर के प्रबुद्ध जनों को पारिवारिक माहौल में निःशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा के माध्यम से माँ बम्लेश्वरी का दर्शन करवा रही है, इसी कड़ी में नवरात्रि पर्व के चौथे दिन आकाशवाणी चौक स्थित माँ काली मंदिर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने चारों यात्री बसों को झण्डी दिखाकर डोंगरगढ़ रवाना किया। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने विज्ञप्ति जारी कर दी। दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने आगे बताया कि बसों को रवाना करने के पूर्व डॉ. रमन सिंह ने सर्वप्रथम आकाशवाणी चौक स्थित माँ काली के दर्शन किये तत्पश्चात भक्तों से भेंट कर कहा कि माँ बम्लेश्वरी आप सभी की मनोकामना पूर्ण करे और हमारे छ.ग.प्रदेश में अमन चैन के साथ-साथ खुशहाली बनी रहे यही कामना मैं सदैव माता रानी से करता हूँ। डॉ. सिंह ने इस पूनित कार्य हेतु समिति की भुरी-भुरी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीचंद सुन्दरानी, बसंत अग्रवाल, रमेश मिरघानी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, संदीप परिहार, गुरमीत सिंह टोनी, जगजीत सिंह, शंकर गुप्ता, पप्पु सलूजा, धीरज जोधानी, रोहित भारद्वाज, आकाश साहू, महेश माखिजा, मोहन धीवर, प्रशांत ठाकुर सहित बढ़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पिकअप पलटने से 1 मजदूर की मौत, 14 घायल

**रायपुर।** रायपुर से लगे अभनपुर इलाके में रविवार को एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और 14 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक पिकअप वाहन, जिसमें करीब दो दर्जन मजदूर सवार थे, तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभनपुर के ग्राम खोला से दो दर्जन से अधिक श्रमिक मजदूरी के लिए पिकअप वाहन से नवा रायपुर के ग्राम बंजारी जा रहे थे। पिकअप की रफ़्तार ज्यादा दी, तभी यह ग्राम थनौद चौंक के आगे अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा तुरंत राहत कार्य शुरू किया। दुर्घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ग्राम पोंड निवासी तोमलाल साहू (32) की मौत हो गई। मृतक तोमलाल अश्वनी साहू का पुत्र था।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ई-बाल तकनीक को सराहा

## विदेशी मेहमानों को खूब पसंद आया जल सुधार की ई-बाल तकनीक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जल-जगार महा उत्सव के दौरान आयोजित अंतरास्ट्रीय जल सम्मेलन में छत्तीसगढ़ में बने जल शुद्धिकरण की जैविक तकनीक ई-बाल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सराहा। उन्होंने जल शुद्धिकरण की इस अभिनव तकनीक को आज की आवश्यकता बताया। साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आये विदेशी जल विशेषज्ञों को खूब पसंद आया, उन्होंने इस तकनीक को बारीकी से समझा और इस पर काम करने में दिलचस्पी दिखाई। जल जगार महोत्सव में पानी शुद्धिकरण की इस तकनीक का जीवंत प्रदर्शन महोत्सव स्थल पर किया गया था जहां पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अतिथियों ने भी इस तकनीक को समझा और सराहा।

### क्या है ई-बाल तकनीक

ई-बाल बैक्टीरिया और फंगस का मिश्रण है जिसे लाभदायक सूक्ष्मजीवों के द्वारा कैलिशयम कार्बोनेट के कैरियर के माध्यम से जैव-प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक डॉ प्रशान्त कुमार शर्मा के द्वारा 13 वर्षो के अनुसंधान के बाद बनाया गया है। ई-बाल 4.0 से 9.5 पीएच और 10 से 45 डिग्री सेल्शियस तापमान पर सक्रिय होकर काम करता है। ई-बाल में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीव नाली या तालाब के प्रदूषित पानी में जाते ही वहां उपलब्ध ऑर्गेनिक अवशिष्ट से पोषण लेना चालू कर अपनी संख्या में तेजी से वृद्धि करते है तथा पानी को साफ करने लगते है। एक ई-बाल करीब 100 से 150 मीटर लंबी नाली को साफकर देती है औसतन एक एकड़ तालाब के जल सुधार के लिए 800 ई-बाल की आवश्यकता होती है। खास बात यह है कि ई-बाल के प्रयोग से पानी मे रह रहे जलीय जीवों पर इसका कोई भी साइड इफेक्ट नही होता है, इसके प्रयोग से पानी के पीएच मान, टीडीएस और बीओडी स्तर में तेजी से सुधार होता है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, झारखंड, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के कई तालाबों में इसका सफल प्रयोग चल रहा है।

# दुर्घटना में कट गये थे दोनों पांव, फिर भी बचा ली जान

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिली रू. दस लाख रूपए की मदद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुशल स्वास्थ्य प्रबंधन और त्वरित उपचार को प्राथमिकता देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद से जरूरतमंद लोगों को लगातार मदद मिल रही है। पांच जुलाई को कोण्डागांव से रायपुर आ रहे 25 वर्षीय युवक शिराज हुसैन की मोटरसायकिल, ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना में शिराज के दोनो पांव ट्रक के नीचे आ गए थे। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नही थी कि एक निजी अस्पताल में भर्ती उसके उपचार का खर्च वह उठा सकें। गंभीर रूप से घायल शिराज को राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से उपचार के लिए 10 लाख रू. की मदद दी गई। इस आर्थिक मदद से शिराज हुसैन का बेहतर इलाज संभव हो पाया और उसकी जान बच सकी। हालांकि दुर्घटना के बाद 90 फीसदी इन्फेक्शन से ग्रसित शिराज की जान बचाने के लिए डाक्टरों को उसके दोनों पैर काटने पड़े। शिराज का विवाह छः माह पूर्व ही हुआ था। उसका ससुराल रायपुर में है। दुर्घटना के दिन युवक कोण्डागांव से रायपुर अपने ससुराल ही आ रहा था। इसी दौरान अभनपुर के पास वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ। शिराज हुसैन की ईलाज के दौरान दो बार इन्पुटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप सर्जरी की गई। इसकी वजह से उसकी जान बचाई जा सकी है। शिराज हुसैन की कुछ दिनों बाद ही अस्पताल से छुट्टी हो जायेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री के माध्यम से मिली मदद

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से दुर्घटनाग्रस्त युवक शिराज हुसैन के परिजनों ने बेहतर इलाज की मांग की थी। जायसवाल के द्वारा मरीज के परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी देते हुये आवेदन करने को कहा। जिसके बाद इलाज के लिए 10 लाख रूपए की सहायता प्राप्त हुई। शिराज हुसैन के परिजनों ने दुर्घटना के बाद उसके बचने की आस छोड ही दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद के माध्यम से वो अब पूरी तरह स्वस्थ है और कुछ दिनों में अपने घर पहुंच जायेगा।

# कलेक्टर ने किया मेगा चिकित्सा कैंप का निरीक्षण

## विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा 1037 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया





पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय में मेगा चिकित्सा कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसका कलेक्टर बिपिन मांझी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का आबंटित कक्षों में इलाज किया गया। जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के द्वारा भी मरीजों का उपचार करने में सहयोग किया गया। मेगा चिकित्सा कैंप में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. साहू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक अग्रवाल, डेंटल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष गुप्ता एवं डॉ. जितेंद्र सर्राफ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद भीमसरिया, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. श्रीनिवास एवं डॉ. प्रशांत रावत, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. संध्या एवं डॉ. चंदन अग्रवाल, दर्द एवं उष्माशक विशेषज्ञ डॉ. बबलेश महावर एवं डॉ. आशीष सिन्हा और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. आनंद बंसल तथा डॉ. संतोष भारद्वाज द्वारा पंजीयन करये मरीजों का उपचार किया गया। हड्डी रोग के 77, नेत्र रोग के 135, किडनी समस्या के एक, लिवर समस्या के एक, दंत एवं मुख रोग के 30, चर्म रोग के 20, कान नाक एवं गला रोग के 37, हृदय रोग के 18, स्त्री रोग के 15, शिशु रोग के 08, न्यूरोलॉजी रोग के तीन, मानसिक रोग के एक और सर्दी खासी और बुखार के 687 के मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र मेश्राम, जनप्रतिनिधि संजय राय, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एस.डी.एम. वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, सहायक अयुक्त बद्रीश सुखदेवे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टीआर कुंवर, डी.पी.एम. राजीव बघेल, जनपद सीईओ एल.एन. पटेल, मेघलाल मण्डावी, सीएमओ नगरपालिका आशीष कोर्राम, प्राचार्य मनोज बागड़े सहित पत्रकारगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर पर्यवेक्षकों का बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर पर्यवेक्षकों का शंखनी सभा कक्ष में बैठक रखा गया था। जिसमें जिला समस्त पर्यवेक्षक महिला/पुरुष का राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, मुख्यरूप से आयुष्मान कार्ड पंजीयन, गैर संचारी रोग गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में, टीकाकरण एवं विभाग में किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान करने के संबंध में चर्चा की गई गैर संचारी रोग कार्यक्रम अंतर्गत 30 वर्ष से ऊपर वाले सभी हितग्रहियों का स्क्रीनिंग करना, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, ग्रीवा कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं हीमोग्लोबिन का पूर्णता से जांच कर उपचार एवं हॉयर सेक्टर रिफर करना, आयुष्मान कार्ड का पंजीयन अगले 15 तारीख तक पूर्ण करने एवं ऐसे हितग्राही जिनकी मृत्यु हो चुकी हो,पलायन कर चुके हों, विवाह होकर दूसरे गांव चले गए हों या जिनका डबल नाम है उनकी सूची बनाकर कार्यालय मुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में जमा कराने कहा गया और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य अनुरूप शतप्रतिशत सैचुरेशन आगामी 29 अक्टूबर से पहले करने हेतु निर्देश दिए गए। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, समस्त विकास खण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी,विकास खण्ड प्रबंधक और जिला एवं विकास खण्ड स्तर के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवरात्रि के चतुर्थ दिवस श्री राघव मंदिर में की गई माता कुष्मांडा की पूजा



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल के आस्था के प्रमुख केंद्र बैलाडीला देवस्थान श्री राघव मन्दिर किरंदुल में शारदीय नवरात्रि का पर्व पूरे विधि विधान के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। रविवार सुबह 8 शारदीय नवरात्र के चतुर्थी तिथि में माता के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा की गई। प्रधान पूजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि माँ कुष्मांडा का रूप बेहद शांत, सौम्य, मोहक है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

# अति संवेदनशील क्षेत्र कोडोली और कस्तूरमेटा बना शत् प्रतिशत् हर घर जल ग्राम

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जिले के कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एस. के. वर्मा के मार्गदर्शन में ओरछा विकासखण्ड के ग्राम कोडोली एवं कस्तूरमेटा में हर घर जल उत्सव मनाया गया। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सरपंच पिंकी शोरी एवं ग्राम के जनप्रतिनिधि, उपसरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीण महिलाएं एव विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में प्रमाणपत्र प्रदाय कर पूर्ण किया गया। जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव के सभी घरों मे शुद्ध पेयजल अपूर्ति होने से ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक जल उत्सव मनाते हुए योजना का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत् क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए आगे भी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने को कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। योजना को निरंतर समयानुसार क्रियान्वित करने हेतु जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देकर ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना बताया गया। अशुद्ध जल से होने वाले हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला समन्वयक एवं अन्य प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पंचगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, विभाग के कर्मचारी, सीडी. एटी भोगदत्त वर्मा, कल्याण सिंह मनहर, आई. एस. ए. समन्वयक चद्रकांत देवदास, आई.ई.सी. समन्वयक सुनील उसेण्डी एवं महालक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार उपस्थित थे।

# किरन्दुल शीतला माता मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है नवरात्रि का पर्व



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल के टाइप थ्री स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति शारदीय नवरात्र धूमधाम एवम भक्तिभाव से मनाया जा रहा हैं।पंडाल में माँ दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर पूरे नौ दिनों तक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना व आरती की जा रहीं हैं। वहीं जगतजननी माँ दुर्गा की आशीर्वाद प्राप्त करने भक्तों की भारी भीड़ पंडाल में देखी जा रहीं हैं।

# वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह अंतर्गत बारनवापारा में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, 400 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

डीएफओ बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया के मार्गदर्शन में बारनवापारा अभ्यारण्य में 02 से 08 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत वन विभाग द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे है। जिसमें 400 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। साथ ही बारनवापारा क्षेत्र के स्कूली बच्चो द्वारा चित्रकला, निबंध लेखन एवं जन जागरूकता रैली के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश दिया। उक्त रैली 5 अक्टूबर को बारनवापारा अभ्यारण्य




के मिडिल एवं हाई/हायर सेकण्डरी स्कूलों के विद्याथियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा निकाली गई। जिसमें बारनवापारा से 300 विद्यार्थी, एलचरौदा से 102 विद्यार्थी रैली में सम्मिलित हुए। रैली के बाद स्थानीय वन कार्यालय बारनवापारा अभ्यारण्य के मीटिंग हॉल में नियत समय दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक चित्रकला और निबेध प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें मीडिल/ हाई / हायर सेण्कडरी स्कूल बारनवापारा के 45 विद्यार्थी एवं मीडिल स्कूल चरौदा के 24 विद्यार्थी तथा मीडिल स्कूल चरौदा ढेबीखार के 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण के साथ ही साथ जंगल सफारी नवा रायपुर का भी भ्रमण कराया जावेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा सुनील खोब्रागड़े, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा गितेश बंजारें, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रामपुर गोपाल प्रसाद वर्मा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चरौदा सुर्यप्रकाश जाधव, आमगांव कपुरचंद्र बरिहा, नेहरूराम निषाद, परिसर रक्षी बारनवापारा एवं कुमारी पुर्णिमा वर्मा, परिसर रक्षी हरदी एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के समस्त स्कूल स्टॉफ तथा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ठाकुर तथा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# बाजार चौक लवन में विराजित मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत लवन के बाजार चौक में आयोजकों द्वारा स्थापित जगत जननी माँ दुर्गा के दर्शन के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माँ दुर्गा की प्रातःकाल एवं संध्या कालीन आरती में पारा मोहल्ले वासी शामिल होकर माँ के दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि बाजार चौक पर विराजित माँ दुर्गा की स्थापना प्रत्येक वर्ष से होते आ रही हैं। माँ दुर्गा की स्थापना में सभी श्रद्धालुओं द्वारा बढ़चढ़ कर यथाशक्ति सहयोग देते आ रहे हैं।

## वन विकास निगम के अधिकारी की संलिप्तता की आशंका

# निस्तारी डिपो और पौधारोपण वाले जगह पर बना अवैध कॉम्प्लेक्स और बन रहा मकान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com





वनों का संरक्षण, विकास, और प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी प्रबंधन के लिए वन विकास निगम का गठन किया गया है लेकिन कबीरधाम जिले में विभाग अपना उद्देश्य को भूलकर कार्य कर रहा है। जिम्मेदार अधिकारियो के नजर अंदाज के कारण वनों के विकास नहीं बल्कि रकबा में कमी दिखाई दे रहा है। जिसके चलते वन्य जीवों का अस्तित्व खतरे में दिखाई दे रहा है। जिसके चलते प्रतिवर्ष पानी की तलाश में हिरण सहित अन्य जंगली जानवर अपना जान गंवा रहे हैं।

**डिपो में अवैध कब्जा** - वन विकास निगम कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 420 में लोगो के निस्तार के लिए डिपो था जहां से क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने उपयोग के लिए लकड़ी का खरीदी करते थे। जो 2012 के आसपास बंद हुआ। जब डिपो बंद हुआ उसे विभाग संरक्षित करने के बजाए कब्जाधारियों के लिए छोड़ दिया। जिसके कारण अब अतिक्रमण का शिकार हो गया। विभाग को पता ही नहीं था। सन 20-21 में रोड किनारे व्यवसायिक कांप्लेक्स बना और इस बार नए मकान बनाया जा रहा है। जिसकी नींव भरी जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार मौन है। कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है।

**पौधारोपण को किया गया नष्ट, विभाग मौन** -मिली जानकारी अनुसार उक्त कक्ष क्रमांक 420 में वर्ष 2015-16 हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत पौधा रोपण किया गया जिसमें मिश्रित प्रजाति के पौधा रोपण किया गया था। जो वर्तमान में गायब हो गया है। तत्कालीन जिला अधिकारी के साथ रेंजर अफसर और उसके जिम्मेदार अधीनस्थ लोगो ने ध्यान नहीं दिया। जिसका वजह क्या हो सकता है वो ही जाने और वर्तमान जिम्मेदार भी दोषी है। वर्ष 20-21 में उक्त जमीन से लगे हुए बोडला दलदली मार्ग के किनारे व्यवसायिक कांप्लेक्स का निर्माण किया और 21,22 से खेती करना भी शुरू कर दिया गया है लेकिन विभाग कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है।

**जिम्मेदार सम्हाल नहीं पा रहा विभाग** - जिले के जिम्मेदार अफसर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं हैं, जिसके चलते कर्मचारी अपने मनमर्जी से काम कर रहे है। जिसके चलते लगातार वनों की कटाई हो रहा है और जंगल मौजूद पेड़ो की कटाई तो हो ही रही हैं साथ ही नए रोपित पौधे को भी नहीं बचा पा रहे है। विगत तीन चार वर्षों में हुए पौधा रोपण और वर्तमान में उसकी जीवित संख्या को देखने से ही अंदाजा लगाया जा सकता है। निगम के क्षेत्र की वनों पर लगातार अवैध कब्जा किया जा रहा है।

**लगातार घट रहा है घटना**- वन विकास निगम में पिछले वर्ष पंडरिया के कमराखोल में बुधराम बैगा की मृत्यु हुआ था, जिसमें वन विभाग के कर्मचारियों के ऊपर आरोप लगा था और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था और हाल ही में दो डिप्टी रेंजर को रेत माफियाओं ने मारपीट किए हैं। आखिर लगातार ऐसा घटना घटित क्यों हो रहा है। यह एक सोचनीय विषय है।

**सूक्ष्मता जांच की आवश्यकता** - मिली जानकारी अनुसार वन विकास निगम के जंगलों में अवैध पट्टा के नाम पर लोग जहां पर वहां पर कब्जा कर खेती शुरू कर दिया है। उक्त कक्ष क्रमांक 420 के निस्तारी डिपो पर 15,16 पौधा रोपण किया गया और कब्जा धारी 2020 के आसपास कब्जा किए और वहां पर मौजूद साल के पेड़ो जो गाडलिंग कर सुखाया जा रहा है लेकिन कार्यवाही नहीं किया जा रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

**कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति** - मिली जानकारी अनुसार उक्त जमीन पर विगत चार पांच वर्षों से अतिक्रमण किया गया है और वहां पर मौजूद पेड़ो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिस पर जनवरी 2024 से आज तक रेंजरों ने तीन बार जांच कर अपने अधिकारी को प्रतिवेदन दे चुके है। लेकिन अधिकारी कार्यवाही करने पर डरते हुए बीते माह खानापूर्ति करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोडला को एक पत्र लिखे है जबकि उनको अपने पदस्थाना के समय ही करना था और पेड़ो की रक्षा करना चाहिए जो नहीं कर पा रहे हैं।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) फरसाबहार, जिला-जशपुर, (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक / 202407032100027/अ-2/2023-24
ग्राम सिकरिमा, तहसील फरसाबहार

मेसर्स सारडा हाइड्रो पावर
एल.एल.पी. ....... आवेदक

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन .......अनावेदक

-:: उद्घोषणा ::-

एतद् द्वारा सिकरिमा प.ह.न. 09 तहसील फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है कि 24.90 मेगावाट कोतईबिरा लघु जल विद्युत परियोजना निर्माण से डुबान क्षेत्र में प्रभावित खसरा नं.383 रकबा 0.028 हे. एवं 392 रकबा 1.012 हे बड़े झाड़ जगंल मद की भूमि (राजस्व वन) के गैर वानिकी प्रयोजन हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत व्यपवर्तन प्रस्ताव हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, जो सुनवाई हेतु तारीख 17.10.2024 के लिए नियत है :-

| तहसील | प.ह.नं. | ग्राम का नाम | भूमि का विवरण | | प्रयोजन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रभावन | लगान | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| फरसाबहार | 0009 | सिकरिमा | खसरा नंबर 383 रकबा 0.028 हे. एवं 392 रकबा 1.012 हे. कुल रकबा 1.040 हे. बड़े झाड़ जंगल मद की भूमि (राजस्व वन) के गैर वानिकी प्रयोजन | 0.00 पैसा | व्यपवर्तन हेतु | - |

अतः उक्त आवेदित भूमि का 24.90 मेगावाट कोतईबिरा लघु जल विद्युत परियोजना निर्माण में प्रभावित 1.040 हे. राजस्व वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोजन हेतु जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैध अभिवाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तारीख 17.10.2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 30.09.2024 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
फरसाबहार, जिला-जशपुर (छ.ग.)

# शिवरतन शर्मा ने भाजयुमो रथयात्रा को पार्टी ध्वज दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ भांटापारा
www.dailypioneer.com



जिले में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान जोरों शोरों से चल रहा है। पार्टी के तमाम पदाधिकारी सदस्यता अभियान में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की रथयात्रा को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पार्टी ध्वज दिखाकर रवाना किया। सदस्यता रथ रवाना करने से पहले उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने युवा मोर्चा के उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण का अभियान 02 सितंबर से 25 सितंबर तक का पूर्ण हो चुका है, और अभी अब दूसरे चरण का अभियान 01 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक हमारे अभियान लगातार जारी हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा का संगठन है। शिवरतन शर्मा ने रथ यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि 04 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच पूरे प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से युवा मोर्चा विकासखंडों में जाकर शैक्षणिक संस्था, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट बाजार, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को नए सदस्य बनाएगा। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। हमने धारा 370, 35 ए जैसे विषयों पर काम किया है।

### बड़ी संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य

भाजयुमो द्वारा निकाली गई रथयात्रा प्रमुख चौक चौराहों, महाविद्यालयो आदि स्थानों में जाकर सदस्यता अभियान का प्रचार प्रसार और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए रथयात्रा निकाली गई है। जो जिले के ज्यादा से ज्यादा स्थानों में जाकर सदस्यता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक कर पार्टी से जोड़ने का काम करेगी। उक्त कार्यक्रम में राहुल सराफ, रोहित माहेश्वरी, विकाश मित्तल, डॉ मोहन बांधे, योगेश अंनत, पवन वर्मा, छोटू यादव, सतीश सोनी, प्रशांत यादव,अविनाश शर्मा, लोकेश यादव, अंजय श्रीवास, अनुपम श्रीवास्तव, आशिष पुरोहित, आशीष टोडर, सतीश साहू, राजू पटेल, गोपाल नागवानी, अजित निषाद, कान्हा मिश्रा, जीवन वर्मा, सुरेंद्र डागोर, दरवेश हबलानी, प्रमोद निषाद, माखन महिलांगे, उमाशंकर वर्मा, मुकेश साहू, नारू सेन, बंटी ठाकुर, मोटू ध्रुव, चेतन वर्मा, शुभम राजपूत सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्व आदिवासी समाज द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज भंवरपुर के तत्वावधान मे वीरांगना महारानी दुर्गावती प्रतिमा स्मारक स्थल पर उनकी 461वी जयंती पर आदिवासी अराध्य देव बुढ़ा देव की पूजा अर्चना एवं मंगल आरती के सांथ वीरांगना महारानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समाज की विज्ञप्ति मे बताया गया कि 15 वी शताब्दी की गढ़ मंडला गोंड़वाना साम्राज्य की क्षत्राणी गोंड़ शासिका महारानी दुर्गावती मंडावी के बारे मे अवगत कराया। उनकी शौर्य वीरता पराक्रम सदैव चीर यादगार अमर बनाये रखने सर्व आदिवासी समाज जनो ने उनकी जयंती दिवस पर सामाजिक संगोष्ठी आयोजित कर स्मरण किया गया। उक्त अवसर पर समाज प्रमुख उदल पोर्ते, करतार सिंह जगत, संचालक पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, समाज अध्यक्ष गणेश सिदार, बैगा रामलाल बाघ, नरेश पोर्ते, प्रीतम सिदार, ललीत दीवान, फगुलाल बरिहा, विनोद सिदार, बसंत जगत, प्रकास सिदार, देव ठाकुर, कृष्णकुमार नेताम, टीकेश्वर मरकाम, पूनम सिदार, सनीता पोर्ते, राकेश गढ़तिया आदि उपस्थित थे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स में मनाया जा रहा है नवरात्री महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स में विगत दिनों से नवरात्री महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें सयंत्र परिसर में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया एवं ज्योत जलाकर देवी माँ की पूजा अर्चना की गई। सयंत्र के कर्मचारियों द्वारा मंदिर प्रागण में एक पेड़ माँ के नाम के तहत फलदार पौधों का रोपण किया गया। हमारे अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने पर्यावरण व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के लिए माँ दुर्गा जी की पूजा अर्चना की साथ ही वृक्षारोपण किया। प्रयोजना प्रमुख केशव नागोरी ने पौधों के औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने कहा कि पौधों से ही स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण का निर्माण होता है। वाणिज्य प्रमुख एवं हनुमान मंदिर कुकुरडी सीमेंट वर्क्स के सेकेट्री शिवम पोरवाल ने सुन्दरकांड पाठ का वर्णन किया और उसे हमारे आध्यात्मिक जीवन का हिस्सा बताया। खदान प्रमुख मयंक सैनी ने खदान एवं संयंत्र परिसर में लगभग 21 हजार से ज्यादा वृक्षारोपण किए जाने की सराहना की। मानव संसाधन विभाग प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह, पर्यावरण प्रमुख अभिषेक मिश्रा एवं सिविल प्रमुख प्रीतम जक्कनवार ने मानव जीवन एवं पर्यावरण में वृक्षारोपण के महत्व के बारे मे बात की एवं प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। नवरात्री उत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी, हॉर्टीकल्चर से इन्दु जांगड़े, सी एस आर विभाग से रूपेन पटनायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कुम्हार समाज के ईष्ट देव राजा दक्ष प्रजापति चौक का हुआ भूमिपूजन



**तिल्दा नेवरा ।** सासाहोली गोपाल फ्यूल्स के सामने कुम्हार समाज के ईष्ट देव राजा दक्ष प्रजापति चौक का निर्माण का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्छा गुरु शैलेंद्र डहरिया, जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल एवं वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद उमा ईश्वर यदु, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद देवादास टड़न के द्वारा भूमि पुजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुम्हार समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और महिलाओं व पुरुषो के अलावा गणमान्य नगरिकों की उपस्थिति कार्यक्रम मे भी थी।

## संकुल केंद्र चनाट मे नि :शुल्क नवोदय कोचिंग सेंटर का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



संकुल केंद्र चनाट अंतर्गत समस्त 10 शालाओं के सभी शिक्षक एवं संकुल समन्वयक ने संकुल केंद्र चनाट मे नवोदय कोचिंग सेंटर का उद्घाटन कर निःशुल्क सेवा प्रारम्भ की है जहां नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6वीं हेतु चयन परीक्षा का फार्म भरने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक शनिवार संकुल भवन मे संकुल स्तर पर 8 से 11 बजे तक संकुल अधिनस्थ शिक्षकों को बारी बारी से सेवाएं दिलाकर बच्चों की तैयारी करानी है। उपरोक्त निर्णयानुसार विषय विशेषज्ञ शिक्षक सभी 10 शालाओं के बच्चों को नवोदय की पढ़ाई के साथ साथ, समय समय पर टेस्ट / मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से कराये जायेंगे तथा समय समय पर टेस्ट सीरीज, प्रैक्टिस सेट से भी अभ्यास कराये जाने पर सहमति बनी है। इस कार्यक्रम मे सभी शालाओं के शिक्षक समेत समन्वयक रोहित पटेल, स्मार्ट टीचर अनिल पटेल, रेशम चौधरी, नवरतन पटेल, मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चना से करते हुए रोहित पटेल ने बच्चों को मेहनत से कोई भी चीज असंभव नहीं है कहकर भरोसा दिलाया कि यदि सभी शनिवार की क्लास मे सभी उपस्थित होकर मन लगाकर तैयारी करेंगे तो सबका चयन होगा। उसी कड़ी मे पीएमश्री चनाट के प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक ने भी बच्चों को नवोदय तैयारी हेतु प्रेरित किया।



## चिल्फी हाइट्स, भावना नगर की महिला समिति द्वारा रास गरबा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

चिल्फी हाइट्स, भावना नगर की महिला समिति द्वारा रास गरबा का आयोजन बहुत धूमधाम से किया जा रहा है। सभी महिलायें व बच्चें पारंपरिक वेशभूषा में गरबा कर माता की आराधना कर रहे है। महिला समिति की अंजलि द्विवेदी ने बताया कि यह कॉलोनी के रास गरबा कार्यक्रम का प्रथम वर्ष है। कॉलोनी के रहवासियों द्वारा पूरे परिवार के साथ उपस्थित रह कर इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दे रहे है। कार्यक्रम आयोजन समिति में शिल्पा राखुँडे, दिव्या मिश्रा, ममता सिन्हा, गिरजा मडेका, स्वेता विभुति, माया वर्मा, बबिता खोला, का विशेष सहयोग रहता है।

## चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल नवीन परिसर का शुभारंभ आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

चंदा देवी तिवारी अस्पताल के संस्थापक अधिवक्ता समाजसेवी पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित वंश राज तिवारी की एक सोच थी बलोदा बाजार के आसपास के गांव के लोगों को गरीब मजदूर बड़े छोटे सबको एक अच्छा अस्पताल मिले एक सपना साकार होते हुए उनके परिवार के सदस्य डॉ प्रमोद तिवारी डॉक्टर नितिन तिवारी डॉक्टर गीतिका शंकर डॉक्टर सुकृति के द्वारा आज 180 बिस्तरीय मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कार्डिएक सेंटर नवीन परिसर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर शुभारंभ हो रहा है एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा साथ ही विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं बलौदाबाजार विधायक एवं राजस्व खेलकूद युवा कल्याण एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा होंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल कसडोल विधायक संदीप साहू भाटापारा विधायक इंद्र साव पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक एवं पूर्व नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े पूर्व विधायक जनकराम वर्मा पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार चितावर जायसवाल पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद सुरेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम शैलेशनीतिन त्रिवेदी उपस्थित रहेंगे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के तत्वाधान में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन

**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राजयोग साधना द्वारा मन की एकाग्रता और शारीरिक स्थिरता का अद्भुत प्रदर्शन चैतन्य देवियों की झांकी (ध्वनि और प्रकाश का सुंदर समायोजन) का आयोजन नगर भाटापारा नरसिंह विहार कॉलोनी, गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा स्थित संस्था में 7 अक्टूबर सोमवार से 11 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार तक प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया गया है। साथ ही विशेष राजयोग मेडिटेशन, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, लाईट एंड साउंड शो, आदि विशेष आकर्षण है। अतः समस्त क्षेत्र वासियों से विनम्र प्रार्थना है कि अति आकर्षक एवं मनमोहक चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन एवं दर्शन लाभ प्राप्त कर पुण्य के भागीदार बने।

## 21 लाख की गाड़ी में बैनर पोस्टर चस्पा कर जिला अध्यक्ष योगी ने सदस्य बनाने के लिए झोंकी ताकत



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जैसे जैसे सदस्यता अभियान रथ शुरु होने की तिथि सामने आ रही है ठीक वैसे वैसे भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दिया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो को बीजेपी के साथ जोड़ा जा सके इसी तर्ज पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने अपने 21 लाख की स्कार्पियो एन मे बैनर पोस्टर चस्पा करते 50 से अधिक गांव का दिन रात दौरा कर लगभग 1 हजार सद्स्य बनाने में सफलता हासिल किया है जिसकी चर्चा जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर काफी जोरो से सुनने को मिल रहा है क्योंकि अक्सर गांव ब्लॉक जिला मे पोस्टर चिपकाते सद्स्य बनने की अपील करते देखा गया है लेकिन पार्टी में लोगो को जोड़ने के लिए अपने स्कार्पियो एन गाड़ी पर पोस्टर लगाते स्वयं चलाकर दिन रात लोगो को बीजेपी से जोड़ने की पहल पहली बार देखने को मिल रहा है खास उन इलाकों में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज की गाड़ी पहुंच रही हैं जहां नवरात्रि के पर्व मे नाटक घुमरा जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है क्योंकि ऐसे कार्यक्रमो ज्यादा युवा भागीदारी लेते शायद इसी का फायदा उठाकर अधिकांश युवा को बीजेपी से जोड़ने में सफलता हासिल कर रहे हैं इस बीच जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा की जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ के लिए काम कर रहे हैं उसी तरह राज्य सरकार भी किसान महिला युवा सहित तमाम वर्ग के लिए काम कर रही हैं जिससे लगभग सभी परिचित हैं और यही वजह है की लोग बढ़ चढ़ कर बीजेपी के साथ जुड़ रहें हैं बकायदा पदाधिकारी गांव गांव जाकर महिला पुरुष युवा सहित तमाम वर्ग के लोगो को जोड़ने का काम करने की बात योगीराज ने कही ।

### 5 हजार सद्स्य बनाने का लक्ष्य

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा की राज्य में विष्णुदेव सरकार स्थापित होने के बाद लोगो का पहले की तुलना वर्तमान में भरोसा काफी बढ़ा है जिसका प्रमुख कारण महिलाओ वदना महतारी योजना लाभ दिलाने किसानो को फसल का सही दाम देने के साथ आरक्षक सहित अन्य भर्ती की बौछार लगाया है यही सब को मद्देनजर रखते योगीराज माखन कश्यप ने 5 हजार सद्स्य बनाने का लक्ष्य रखा है इसलिए पुरी ताकात झोंकने की बात कही जा रही है योगी ने आगे कहा की चंद दिनों में करीब करीब हजार लोगो को बीजेपी के साथ जोड़ने में सफल हुए हैं तो आगामी दिनों में अपने लक्ष्य को आसानी से पूरा करने का दावा किया है हालांकि यह दावा की स्पष्टता समय तय करेगा।

### 8 से सदस्यता अभियान रथ की शुरुवात

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए कहा की 8 अक्टूबर से सदस्यता अभियान रथ की शुरुवात राजिम से होगा इस बीच रथ 2 दिन राजिम विधानसभा में होने के साथ 2 दिन बिंद्रानवागढ़ में होने की बात कही।

## जागरूकता बढ़ाने ग्रामीण अंचल सहित शहरी क्षेत्रों मे साप्ताहिक ड्राइविंग लाईसेंस कैम्प सुविधा जरूरी



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

हर साल लोगों कि सबसे अधिक मौतें सड़क दुर्घटना मे होती है। उक्त सडक दुर्घटना के अनेक कारण भी निकलकर सामने आते है परंतु उक्त दुर्घटना का सीधा असर उनके परिवार से जुडे लोगों पर पडता है जो जिंदगी भर विलाप के आसूं बहाने के छोड कुछ नही कर पाते। परंतु वहीं आज के रफ्तार भरे जीवन शैली मे मोटरसाइकिल चलाने वालों कि संख्या शहरी के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी भारी तदाद मे बढ़ चुकी है। परंतु अनेकों बार सडक दुर्घटना के चपेट मे आने से मृत्यु होने पर बीमा क्लेम कि राशि मृतक के परिवार वालों को नही मिल पाता क्योंकि वाहन व्हिकल एक्ट के अंतर्गत ड्राइविंग लाईसेंस का होना अनिवार्य होता है।

### आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे आरटीओ कैम्प अनिवार्य

गौरतलब है कि आज के तेज भागतीं दौड भाग वाली जिंदगी मे हर घर मे एक मोटरसाइकिल अवश्य पाया जाता है, चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण परंतु मोटरसाइकिल को चलाने से पहले ड्राइविंग लाईसेन्स का होना अनिवार्य होता है। परंतु अधिकतर मोटरसाइकिल चालक समय के व गम्भीरता के अभाव मे ड्राइविंग लाईसेन्स नही बना पाता ऐसे दूरस्थ अंचलों व क्षेत्रों मे यातायात परिहन विभाग द्वारा महिना पन्द्रह दिन मे आरटीओ कैम्प लगाकर जनजागरूकता लाया जा सकता है व शासन को कई लाखों करोड़ों के राजस्व आय प्राप्ति का स्रोत बढ़ेगा।

### ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य मोटरसाइकिल गाडी के शोरूम से हो शुरुआत

गौरतलब है बढ़ती सडक दुर्घटना व मृतक के परिजनों का बीमा क्लेम से वंचित हो जाने के चलते सर्वप्रथम बडे बडे गाडियों के शोरूम से ही शुरुआत किया जाना चहिये। अगर वाहन चालक गाड़ी खरीद रहा है तो पहले उनके नाम से ड्राइविंग लाइसेंस का होना अनिवार्य किया जाना चहिये वही गाड़ी खरीदते समय कम्पनी द्वारा इंश्योरेंस सुविधा के साथ गाड़ी दी जाती है। परंतु एक बार इंश्योरेंस होने के बाद बहुत से मोटरसाइकिल चालक इंश्योरेंस भी नही कराते जिसके कारण दुर्घटना कि स्थिति मे बीमा क्लेम का कोई प्रावधान नही होता।

### सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था द्वारा मांग

उक्त सम्बंध मे सेवा सुंगधम सामाजिक संस्था प्रमुख टिकेंद्र उपाध्याय द्वारा मांग किया गया कि विभिन्न ग्राम व ब्लॉक स्तर पर यातायात ड्राइविंग लाईसेंस सहित अन्य सुविधाओं हेतु समय समय पर कैम्प लगाया जाना चहिये जिससे लोगों को विषम परिस्थितियों मे इसका लाभ मिल सके जिससे शासन के राजस्व आय मे बढ़ोतरी होगी।

ड्राइविंग लाइसेंस, लाईसेन्स नवीनीकरण, इंशोरेंस आदि अनेक यातायात से सम्बंधित सुविधाओं के लिये 18 परिहन सुविधा केन्द्र जिले मे संचालित है। आगे 7 और परिवहन सुविधा केन्द्र खोला जाना है समय समय पर आरटीओ व यातायात विभाग द्वारा रोड सेफ्टी जाँच भी किया जाता है।

**-सीएल देवांगन, जिला यातायात प्रभारी बलौदाबाजार**

## गौरव पथ निर्माण को लेकर उप मुख्यमंत्री से अंचल के भाजपा नेताओं ने की भेंट



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं पी डब्लू डी, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से उनके निवास रायपुर में सरायपाली नगर में चल रहे गौरव पथ निर्माण की चर्चा की एवं भेंट मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा नेता दिपक माखिजा, डॉ अदीप कुमार व अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ

- **हेल्पिंग हैंडस के सहयोग से 05 से 19 तक चलेगा पखवाड़ा, पहले दिन ऑटो संघ ने निकाली साइबर जागरूकता रैली**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में, रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में व्यापक रूप से साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा मनाए जाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम, रायगढ़ में पुलिस अधीक्षक पटेल द्वारा पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम गोपाल करियारे, उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल अभिनव उपाध्याय (नोडल अधिकारी, जन जागरूकता पखवाड़ा), उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल संरक्षक बंटी सोनी और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। साथ ही हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के अन्य सदस्य, जेसीआई रायगढ़ सिटी, लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड,दिव्य ऊर्जा लायंस क्लब, दिव्य शक्ति, राणी सती देवी सेवा संस्था तथा अन्य एनजीओ के सदस्य और मीडिया साथी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय ने बताया कि इन 15 दिनों में रायगढ़ पुलिस द्वारा शहर और सभी तहसील मुख्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पखवाड़े में अधिक से अधिक लोगों को साइबर वॉलिंटियर के रूप में पहचानकर किया जावेगा, इन सभी से साइबर वॉलिंटियर, साइबर प्रोग्रामर की टीम तैयार कर इस चैनल को जागरूकता के लिए निरंतर आगे बढ़ाया जावेगा। पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, शासकीय और निजी संस्थानों में साइबर अपराधों से बचाव हेतु लोगों को शिक्षित किया जाएगा। जन जागरूकता अभियान के दौरान विशेष रूप से सोशल मीडिया, रेडियो, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके अलावा, साइबर सेल द्वारा रायगढ़ साइबर जन जागरूकता व्हाट्सएप चैनल को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश, वीडियो और पोस्ट साझा किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, शॉर्ट वीडियो, स्टोरी मेकिंग और अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी जन जागरूकता फैलाई जाएगी। ऑनलाइन और ऑफ्लाइन वर्कशॉप्स का आयोजन भी किया जाएगा, जहां साइबर हेल्पलाइन 1930 और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल के उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। लोगों को ग् (ट्विटर) पर /बलइमतकवेज को फॉलो करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, रायगढ़ ऑटो संघ ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ऑटो संघ के 25 सदस्यों ने अपने ऑटो पर साइबर जागरूकता पोस्टर चस्पा किए, जो पूरे शहर में घूमकर लोगों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताएंगे। इस जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, बंटी सोनी, आशा अग्रवाल, लता अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, आशा बेरीवाल, मनीषा वर्मा, सविता साव, साइना मलिक, अनुराधा अग्रवाल, कविता बेरीवाल, चंद्रकांत पंजाबी, मीरा पासवान , विनय कारमोरे, प्रवीण, सुमन , चरणजीत घाई, अंजु, अनिता कपूर, रोहन बंसल, मुकेश, आनंद बेरीवाल, सुभाष अग्रवाल, मुकेश मित्तल, साइबर वालंटियर नवीन कुमार सिदार, क्रिएटिव टीम हेड दीपतांशु छडीमड़ी, राहुल विश्वकर्मा, राजेश अग्रवाल, पर्थ घोष, साहिल शर्मा, राहुल, नितेश अग्रवाल तथा अन्य एनजीओ के सदस्यगण, साइबर सेल की पूरी टीम व मीडिया के साथीगण उपस्थित रहे।

# पत्नी को आत्महत्या के लिये किया प्रताड़ित, हुई मौत

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना जूटमिल में दर्ज धारा 194 बीएन एस की मृतिका पायल चैहान, निवासी कोड़ातराई की मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच जूटमिल पुलिस द्वारा की गई। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों, वारिसानों के कथन, घटनास्थल का निरीक्षण और जप्ती मेमोरेंडम के आधार पर यह तथ्य सामने आए हैं कि मृतिका पायल चैहान का विवाह गोपाल चैहान, निवासी कोड़ातराई पांचपारा, जूटमिल से हुआ था। जांच में पाया गया कि आरोपी गोपाल चैहान शराब का अत्यधिक सेवन करता था और प्रतिदिन शराब पीकर अपनी पत्नी पायल के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करता था। इस कारण से मृतिका पायल चैहान शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान थी और आत्महत्या करने के लिए विवश हो गई। 10 सितंबर को, पति की प्रताड़ना से तंग आकर पायल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच के उपरांत, 04 अक्टूबर को आरोपी गोपाल चैहान के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। पर्याप्त साक्ष्यों के संकलन के बाद थाना प्रभारी जूटमिल, निरीक्षक मोहन भारद्वाज के हमराह प्रधान आरक्षक विरेंद्र भगत द्वारा आरोपी गोपाल चैहान (पितारू स्व. मनोहर चैहान, उम्ररू 35 वर्ष, निवासीरू कोड़ातराई पांचपारा) को गिरफ्तार कर कल न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# सड़क पर खड़ी ट्रक से मोटर सायकल की हुई टक्कर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र से एक सड़क हादसा की खबर सामने आ रही है, मिली जानकारी अनुसार रायगढ़ रोड में बीच सड़क पर ट्रक को खड़ाकर सीमेंट खाली कर रहे ट्रक से टकराकर एक युवक घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक किसी भी प्रकार कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए किसी प्रकार का कोई लाईट व इंडिगेटर चालू नहीं रखा था, रात के समय होने के कारण मोटरसायकल चालक शुभम भद्र को खड़ी ट्रक नहीं दिखा और आकर सीधे ट्रक के साथ टक्कर हो गया, टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसायकल चालक बूरी तरह घायल हो गया है। घायल को किसी ने अस्पताल न ले जाकर उल्टा मोटरसायकल चालक को ही दोषी बता कर घायल हालत में घर भेज दिया। ट्रक क्रमांक सीजी 13 जेड 7077 का चालक दुर्घटना होते ही गाड़ी को भगाकर नीचेपारा पेट्रोल पंप के पास खड़कर फरार हो गया है।

# किसानों का धरना आंदोलन, जेठा में नवीन धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जेठा में .नया धान खरीदी केंद्र शुरू किए जाने की मांग के लिए अखिल भारतीय किसान सभा शाखा जेठा द्वारा दिया गया धरना आंदोलन, तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम सौंपा गया मांग पत्र देने के बाद धरना समाप्त किया गया है,उक्त जानकारीअखिल भारतीय किसान सभा के जिला संयोजक कामरेड अनिल शर्मा ने देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से जेठा में साजा डेरा भद्रीपाली भक्तू डेरा और परसदा कला गांव को मिलाकर अलग नया धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग करते आ रहे थे, उपरोक्त गांव के किसानों ने वर्तमान धान खरीदी केंद्र में होने वाली असुविधा गड़बड़ियों मनमाने पन जैसे मेहनत करऔर खर्च करके ले जाए गये धान को वापस लौटा देने तौलने में पीछे क्रम में रखने से परेशान होते रहे है नया धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग करने वाले पांचों गांव के किसानों की संख्या 593 है, और उनके खेतों का रकबा 1978 एकड़ है जो नया धान खरीदी केंद्र खोलने के मापदंड में पर्याप्त है धरना आंदोलन की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगरदा थाने के टी आई के नेतृत्व में लगभग 35 महिला पुरुष पुलिस को लगाया गया था किसान सभा के आंदोलन में कामरेडअनिल शर्मा के अलावा हरिश्चंद्र चंद्रा रमेश बरेठ मनीराम चंद्रा राधेश्याम चंद्रा के डी . महंत गणेश चंद्रा नकुल चंदा शिवम चंद्रा विश्वनाथ बरेठ बेरी सिंह दिग्विजय सिंह नर्मदा सिदार भरत चंदा दुलार यादव मंगल सिंह कन्हैया बरेठ कृष्णा कंवर राजू यादव सचिन यादव सोखी यादव गोरेलाल बरेठ ईश्वर सिंह फिरत बरेठ अनेक किसान शामिल थे।

# जेलपारा में गांजा पुड़िया बेचते महिला पकड़ाई

## जूटमिल पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना जूटमिल क्षेत्र के जेलपारा में महिला कमली बाई कुर्रे द्वारा अवैध रूप से गांजा पुड़िया बिक्री की शिकायत मिलने पर जूटमिल पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मिली इस शिकायत पर हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक को अवगत कराते हुए, पुलिस टीम ने मोहल्लेवासियों के साथ मिलकर अनावेदक महिला कमली बाई कुर्रे के घर पर छापा मारा और गांजा पुड़िया बेचने के आरोपों पर पूछताछ की। महिला कमली बाई ने पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत को झूठा बताते हुए मोहल्लेवासियों से झगड़ा करना शुरू कर दिया। पुलिस की समझाइश के बावजूद, महिला उत्तेजित हो गई और विवाद बढ़ाने लगी। महिला के इस अनुचित व्यवहार और सार्वजनिक विवाद को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा महिला कमली बाई (36 साल) जेलपारा वार्ड नंबर 29 दुर्गा मंदिर के पास थाना जूटमिल रायगढ़ के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं 170, 126, 135(3) (पूर्व में 151द107, 116(3) सीआरपीसी) के तहत कार्यवाही की गई। इसके बाद महिला को अनुविभागीय दंडाधिकारी रायगढ़ के न्यायालय में पेश किया गया है।

## संगीता सेकसरिया के नेतृत्व में सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर करी गौ माता की सेवा

**सक्ती।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अग्र निधि कोष योजना की राष्ट्रीय चेयरमैन संगीता सेकसरिया, वाइस चेयरमैन रेणु अग्रवाल,सेंट्रल कोलकाता इकाई मुख्य सलाहकार कमल अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष CA एकता जयपुरिया, कार्यकारिणी सदस्य रेखा गोयनका द्वारा 03 अक्टूबर को श्री निंबार्क गौ सेवा केंद्र, नोआपाड़ा कोलकाता के प्रांगण में श्री अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर गौ माताओं को गुड़ रोटी,हरा चारा एवं चना दाल खिलाई गई और कार्यक्रम स्थल पर श्री अग्रसेन भगवान जी की पूजा अर्चना और प्रसाद लगाकर अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

# हावड़ा हुगली जिला इकाई ने किया अग्रसेन जयंती का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में एवं केंद्रीय कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के परिपालन में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन हावड़ा हुगली जिला इकाई द्वारा आसोज माह में नवरात्रि की प्रतिपदा के दिन श्री अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया,03 अक्टूबर को श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर नवज्योति बाल विद्या मंदिर नंदी बगान में आयोजित किया गया, उपरोक्त कार्यक्रम में शशि पोद्दार, क्षमा पोद्दार, रानी अग्रवाल, संजय लाठ, उषा लाठ, प्रवीण चौधरी, कविता डागा, संगीता झुनझुनवाला, अलका कांकरिया, विजय अग्रवाल, साक्षी, अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, पिंकी केजरीवाल, सुनीता अग्रवाल, भारती चोराडिया, शिवानी शराफ दुर्गा ओझा आदि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराकर श्री महाराज जी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को गौरवशाली बनाया और अपना और हमारा सम्मान बढ़ाया,उपस्थित सभी सदस्य समय का पालन करते हुए,शाम 4.00 बजे नवज्योति बाल आश्रम में पहुंच कर कार्यक्रम को भव्यता शानदार बनाया और बच्चो का जोश और खुशी में चार चांद लगा दिये, साथ ही श्री अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर हम सभी सदस्यो ने शपथ भी ली कि समाज को संगठित कर श्री अग्रसेन जी के आदर्शो को समाज के अंतिम छोर के सदस्यों तक पहुंचाएंगे।

# अवैध कच्ची महुआ शराब-देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

अवैध कच्ची महुआ शराब/देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। नवागढ़ पुलिस को जरिए मुखबीर सूचना मिला की एक व्यक्ति थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम गोधना नवा तालाब के पास अपनी मोटर साइकिल में अवैध शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी शैलेंद्र कश्यप को मौके पर पकड़ा जिसके कब्जे से 23 पाव देसी प्लेन शराब एवम 09 लीटर 500 ml कच्ची महुआ शराब जुमला शराब कीमती 3870/ रुपए, बिक्री रकम 400 रुपए एवम परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज पल्सर क्रमांक CG 11 BH 4146 कीमती करीबन 50 हजार को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर 05.10.2024 को आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमाक 386/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डनसेना, संजय टंडन, बलराम यादव एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# केदारनाथ अग्रवाल एवं द्रोपती देवी अग्रवाल की स्मृति मे हुआ निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं अग्रसेन सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय केदार अग्रवाल एवं MB पावर के प्रेसिडेंट अजय अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य स्वर्गीय पिता केदारनाथ अग्रवाल एवं माता जी स्वर्गीय द्रोपती देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में अग्रसेन भवन में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर सहित प्रतिष्ठित चिकित्सकों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया,इस शिविर में जहां अग्रसेन सेवा समिति नैला जांजगीर के अध्यक्ष संजय भोपालपुरिया, शिविर के संयोजक समर्थ समिति के बृजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेवी नरेंद्र पालीवाल, गोपाल पालीवाल, ऋषि भोपालपुरिया, नरेश भोपालपुरिया, शंकर लाल अग्रवाल बालाजी मेडिकल, महेश पालीवाल एवं अशोक झंझडिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे,तथा शिविर में जांजगीर सहित आसपास के क्षेत्र से लगभग 500 लोगों ने पहुंचकर इसका लाभ उठाया, तथा यह मेडिकल शिविर अपने आप में एक भव्य शिविर था जिसमें उपस्थित चिकित्सकों द्वारा जहां तत्काल चिकित्सा जांच दी गई तो वहीं चिकित्सा परामर्श भी दिया गया कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन सेवा समिति नैला जांजगीर के पूर्व अध्यक्ष संजय केदार अग्रवाल द्वारा आगंतुक सभी चिकित्सकों एवं समाज बंधुओ का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया तथा संजय केदार अग्रवाल ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर लोगों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करवाने की दिशा में एक प्रयास है तथा उनके परिवार द्वारा निरंतर सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणी होकर अपना योगदान दिया जा रहा है, शिविर के दौरान आयोजक परिवार के भी सभी सदस्य मौजूद रहे तो वही सुबह से ही शिविर में दूर-दूर से लोगों ने पहुंच कर चिकित्सा जांच का लाभ उठाया वहीं इस अवसर पर आयोजक परिवार के अजय अग्रवाल प्रेसिडेंट MB पावर ने भी कहा कि आज ऐसे चिकित्सा जांच शिविरों के आयोजन से जहां जरूरतमंद लोगों को अन्यत्र बड़े अस्पताल में जाने की समस्या से निजात मिलता है तो वहीं एक ही स्थान पर सभी प्रकार के रोगों का चिकित्सा परामर्श मिल पाता है।

# छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के सक्ती जिले के परीक्षा प्रमुख होंगे अमरलाल अग्रवाल, संरक्षक की जिम्मेदारी रामअवतार अग्रवाल को

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर द्वारा आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित गौ विज्ञान परीक्षा को लेकर संस्था द्वारा प्रत्येक जिलों में इकाई का गठन किया जा रहा है, तथा यह इकाई ग्रामीण स्तर तक गठित होगी इसी श्रृंखला में समिति के विभाग संयोजक चंद्रप्रकाश अग्रवाल कोरबा, कोरबा जिले की संयोजक लालिमा जायसवाल, आयुर्वेद विशेषज्ञ अर्जुन श्रीवास,संतोष पासवान एवं पुष्पेंद्र महंत का 6 अक्टूबर को शक्ति आगमन हुआ, तथा शक्ति नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं सरस्वती शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष रामावतार अग्रवाल के निवास पर आयोजित पदाधिकारीयो के प्रवास के दौरान इस बैठक में शक्ति जिले में इसके गठन को लेकर चर्चा की गई जिसमें अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार संचालक होटल गिरिराज रेन बसेरा को सकती जिला परीक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई वहीं जिला संरक्षक की जिम्मेदारी रामावतार अग्रवाल को दी गई। तथा इस दौरान विभाग प्रमुख चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति जिसका प्रदेश कार्यालय जागृति मंडल गुरु गोविंद सिंह नगर पंडरी रायपुर में है, तथा इनके द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा 2024 का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह परीक्षा राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर होगी जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 51000 की नगद राशि एवं गौ उत्पाद किट, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 31000 रुपए की नगद राशि गौ उत्पाद कीट एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 21000 की नगद राशि एवं गौ उत्पाद किट राज्य तथा जिला स्तर पर प्रदान की जाएगी,साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 5100 नगद एवं गौ उत्पादन किट, द्वितीय पुरस्कार 3100 नगद एवं गौ उत्पादन किट तथा तृतीय पुरस्कार 1100 नगद एवं गांव इस्पात किट दी जाएगी साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा, विभाग प्रमुख चंद्र प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि यह परीक्षा तीन ग्रुप में अलग-अलग होगी जिसमें ग्रुप ए में कक्षा छठवीं से आठवीं तक स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे, वहीं ग्रुप बी में कक्षा 9वी से 12वीं तक एवं ग्रुप सी में महाविद्यालय स्तर के तथा तकनीकी महाविद्यालयों के भी विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे।

## 27 प्रतिशत संविदा वेतन-वृद्धि बाबत सौंपा ज्ञापन, वेतन विसंगति दूर करने लगाई वित्त मंत्री से गुहार

# एनएचएम महिला संविदा स्वास्थ्य कर्मचारीयों ने लैलूंगा व रायगढ़ में की ओ.पी से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमित कुमार मिरी के निर्देशन में, जिला अध्यक्ष शकुंतला एक्का के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ-जिला रायगढ़ के महिला नेतृत्व ने, लमडांड लैलूंगा एवं रायगढ़ में वित्त-मंत्री से भेंट कर ज्ञापन सौपा, एवं मांगा कि 27ः संविदा वेतन वृद्धि को दिवाली से पूर्व प्रदान किया जाए। गांव, विकासखंड व जिले में कार्यरत एनएचएम कर्मचारी, अपने परिवार सहित निरंतर 24 घंटा सेवा प्रदान करते आ रहे हैं पर इनकी व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है, इसलिए इन्होंने अपने विधायक मंत्री को जिले में ही तीन-03 बार मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। **एनएचएम में प्रत्येक वर्ष 5ः** वेतन-वृद्धि परफॉर्मेंस बेस्ड किया जाता रहा है, परंतु यह उन कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होता है, जिन्हें वार्षिक कार्य मूल्यांकन में 55ः से कम अंक मिलते हैं, हर वर्ष ऐसे कर्मचारियों की संख्या बदलती रहती है। इसके अतिरिक्त एनएचएम मानव संसाधन नीति 2018 की कंडिका 31.4 के अनुसार, मूल मासिक वेतन प्रति 03 वर्ष की अधिकतम समय-सीमा में संशोधित किया जाएगा, जो आज 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात, आज दिनांक तक संशोधित नहीं किया गया है। 19 जुलाई 2023 को विधानसभा में घोषित 27 प्रतिशत संविदा वेतन-वृद्धि में किसी कार्य आधारित मूल्यांकन का उल्लेख नहीं था। वह प्रदेश के समस्त 37000 संविदा कर्मचारियों को एकमुश्त वृद्धि की घोषणा थी। विभिन्न कैडर में वेतन-विसंगति भी न्यूनतम वेतन का कारण है-एनएचएम में।

इन कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर सौंप गए कार्य दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया जाता है, वर्तमान में डेंगू, मलेरिया, उल्टी-दस्त, सिकल-सेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान-कार्ड, टीबी खोज अभियान, अन्य मौसमी बीमारियों, हेल्थ मेले का आयोजनों में लगातार कार्य कर रहे हैं, स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों की शोषित, आर्थिक, सामाजिक दयनीय स्थिति तथा वर्तमान की बढ़ती जिम्मेदारियो तकलीफों को पत्र के माध्यम से बताया गया। रेगुलर कर्मचारी, राज्य के स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्य कर रहे संविदा कर्मचारी, तथा एनएचएम कर्मचारियों के वेतन में जमीन आसमान का अंतर है। समान कार्य करने के बावजूद इन कर्मचारियों को समान वेतन प्रदाय करना तो दूर 19 जुलाई 2023 को घोषित 27 प्रतिशत संविदा वेतन-वृद्धि भी आज दिनांक तक अप्राप्त है। सरकार बने 10 माह से भी ज्यादा समय हो गया, लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन देने में प्रमुख लैलूंगाध्रायगढ़ से शकुंतला एक्का, अश्विनी साय, गेमन कुमार जायसवाल, कुंती पैंकरा, रवि लाल चैहान, सुनीता किस्पोट्टा, रेशमा मिंज, अनिता सिदार, स्तुति गार्डिया, सुमित्रा, अरविंद कुर्रे, गणेशी पैंकरा, निशा, प्रज्ञा बेहरा, दीपिका राठिया, रितु सिंह, सबीना कुजूर, निधि कुजूर, योगिता यादव, पूजा सेठ, वैभव डियोडिया, पवन प्रधान, डॉक्टर कृष्ण कमल, योगेश यादव, अजय कुमार महिलांगे, जन्मजय सिदार, उमेश जोल्हे, आशीष सिंह अस्पताल एवं विकासखंड के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद में एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छात्र छात्राओं, अधिकारी कर्मचारी एवं प्राध्यापको के ज्ञानवर्धन हेतु जांजगीर चाम्पा जिला के शासकीय ल्क्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद में आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सौजन्य से महाविघालय के वाणिज्य विभाग ने 5 अक्टूबर 2024 को निवेश जागरूकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार का ऑनलाईन आयोजन जूम एप के माध्यम से दोपहर 2 बजे किया था । जिसमें महाविघालय के 59छात्र-छात्राओं सहित महाविघालय के सभी अधिकारी कर्मचारी, प्राध्यापक, प्राचार्य ड़ॉ. जी. सी.भारव्दाज ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई इस जागरूकता कार्यक्रम में वक्ता देवीजन दत्ता ने निवेशकों की सुरक्षा, प्राथमिक बाजार, व्दितीयक बाजार, आई. पी. ओ. म्युच्वल फंड तथा शेयरों की खरीदी बिक्री के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को वित्तीय मामलों पर जागरूक किया।



# अभिनय के मास्टर हैं केके मेनन, थिएटर से दर्शकों के दिल तक का तय किया सफर

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों का नाम लिया जाएगा, उस लिस्ट में केके मेनन का नाम जरूर आएगा। अपने शानदार और जीवंत अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता केके मेनन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन फिल्में की हैं। अभिनेता अपने कौशल के दम पर लाखों दिलों पर राज करते हैं। उन्होंने अपने किरदारों के माध्यम से बड़े पर्दे पर कभी ना मिटने वाली छाप छोड़ी है। वह अपना 58वां जन्मदिन मना रहे हैं। आइए इस खास मौके पर उनसे जुड़ी कुछ बातें जानते हैं।

केके मेनन ने अभिनय की शुरुआत थिएटर से की थी। उन्होंने पहली बार थिएटर में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम किया। एक लंबा समय थिएटर को देने के बाद साल 1995 में फिल्म 'नसीम' से उन्हें पहला ब्रेक मिला। हालांकि, इस फिल्म में उनका किरदार छोटा था, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने कई शानदार फिल्में की और अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए।

सिर्फ फिल्मों में ही नहीं अभिनेता टीवी शोज में भी अपने अभिनय का कमाल दिखा चुके हैं। अभिनेता ने 'प्रधान मंत्री', 'लास्ट ट्रेन टू महाकाली', 'जेबरा 2' जैसे शोज में भी अपना जलवा दिखाया है। अभिनेता ने बॉलीवुड की कई मशहूर और दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में काम किया, जिसमें ब्लैक फ्राइडे, गुलाल, लाइफ इन एक मेट्रो, हैदर, बेबी, गाजी अटैक, वोडका डायरीज और सरकार जैसी कल्ट फिल्में शामिल हैं।


अभिनेता जब थिएटर कर रहे थे, उसी दौरान उन्होंने अभिनेत्री निवेदिता भट्टाचार्य से शादी की। अभिनेत्री उनके संघर्ष के दिनों से ही साथ है। बता दें कि निवेदिता टीवी के दुनिया में सक्रिय रहती हैं। केके मेनन की पत्नी अभिनेत्री निवेदिता ने कुंडली और सात फेरे जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया है।



# 41 साल के एक्टर को डेट करने की अफवाहों पर भड़कीं तारा सुतारिया

तारा सुतारिया भले ही बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री है, लेकिन इस समय उनके हाथ में प्रोजेक्ट्स की कमी नजर आ रही है। प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली तारा पिछले दिनों अपने कथित एक्स बॉयफ्रेंड आदर जैन की सगाई को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, इसके बाद तारा का नाम अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ जुड़ने लगा। अब अभिनेत्री ने खुद चुप्पी तोड़ इन सभी अफवाहों पर विराम लगाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने हाल ही में अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। कुछ दिनों पहले अफवाह आई थी कि वह अभिनेता के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया था और यह पहली बार है जब तारा ने डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।

बातचीत के दौरान तारा ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि वह सिंगल हैं। अभिनेता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए तारा ने कहा, अरुणोदय मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मैं सिंगल हूं। इससे पहले सामने आई एक रिपोर्ट ने पुष्टि की कि तारा अरुणोदय को डेट कर रही हैं और यह भी दावा किया कि दोनों डेढ़ साल से एक साथ हैं। वही, कथित तौर पर तारा इससे पहले रणबीर कपूर के चचेरे भाई अदार जैन को डेट कर रही थीं और दोनों ने अपने रिश्ते को आधिकारिक भी कर दिया था, हालांकि यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उनके साथ अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ भी थे। फैंस तारा को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब हैं।



# विजय सेतुपति की मूक फिल्म गांधी टॉक्स पर आया बड़ा अपडेट

विजय सेतुपति अपनी अगली मूक फिल्म गांधी टॉक्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसे 54वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था। फिल्म में अदिति राव हैदरी, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक खास अपडेट जारी किया है। गांधी टॉक्स एक आगामी तमिल फिल्म है जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। बुधवार को गांधी जयंती के दिन फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष बीटीएस वीडियो जारी किया, जिसमें फिल्म के निर्माण, अभिनेताओं द्वारा फिल्म के अलग-अलग भाग की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के अन्य पहलुओं को दिखाया गया है। अंत में, हम एआर रहमान को गाने के लिए संगीत बनाते हुए देखते हैं।

## मूक डार्क कॉमेडी फिल्म है गांधी टॉक्स

एक मूक डार्क कॉमेडी फिल्म के रूप में प्रस्तुत गांधी टॉक्स तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। गांधी टॉक्स की रिलीज डेट की घोषणा अभी तक निर्माताओं द्वारा नहीं की गई है। हालांकि, टीजर के अनुसार ऐसा लग रहा है कि टीम जल्द ही तारीख की घोषणा करेगी।

## गांधी टॉक्स का निर्माण

गांधी टॉक्स का निर्देशन किशोर पी बेलेकर द्वारा किया गया है और यह जी स्टूडियोज, क्यूरीयस और मूवीमिल द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है जिसके संपादक आशीष म्हात्रे हैं। करण बी रावत ने कैमरा क्रैंक किया है। मणिरत्नम की चेक्का चिवंता वनम के बाद यह दूसरी बार है जब अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और विजय सेतुपति एक साथ आए हैं। गांधी टॉक्स की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

## विजय सेतुपति का वर्कफ्रंट

इस बीच, विजय को आखिरी बार निथिलन समीनाथन द्वारा निर्देशित महाराजा में देखा गया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। दूसरी ओर, अरविंद स्वामी को हाल ही में रिलीज हुई मियाझागन में कार्थी के साथ देखा गया था। फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है।




# वेब सीरीज दलदल में अपने किरदार के बारे में बोलीं भूमि

मि पेडनेकर ने अपनी आगामी वेब सीरीज दलदल की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी कर ली है। अमृत राज सिंह द्वारा निर्देशित इस सीरीज में भूमि एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी, जिसे वह अब तक के अपने सबसे मुश्किल किरदारों में से एक मानती हैं। अभिनेत्री ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपने विचार सोशल मीडिया पर व्यक्त किए और इसे चुनौतियों और जीत से भरा एक साल का सफर बताया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर भूमि ने भावुक नोट लिखा। भूमि ने दलदल को जीवंत करने के लिए आवश्यक समर्पण को दर्शाया। उन्होंने परियोजना के प्रति अपने जुनून को बनाए रखते हुए मुंबई के मानसून से जूझने सहित कठिन परिस्थितियों पर काबू पाने में टीम के प्रयासों के बारे में बात की। उन्होंने लिखा, बेशक, मेरे सबसे मुश्किल पात्रों में से एक है यह, मैं नर्वस हूं। मुझे शो में ऐसे शानदार कलाकारों और रचनाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। हमने मुंबई के मानसून का सामना किया, सबसे कठिन परिस्थितियों में शूटिंग की और फिर भी हमारा उत्साह कभी कम नहीं हुआ। हम सभी को बधाई। इससे पहले एक इंटरव्यू में भूमि ने रीता के रूप में अपनी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया था, जो एक पुरुष-प्रधान क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ती हुई एक पुलिस अधिकारी है। भूमि ने एएनआई से कहा, रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली है। वह महत्वाकांक्षी है, अपने काम के प्रति जुनूनी है और आगे बढ़कर नेतृत्व करती है। ये ऐसी महिलाएं हैं, जिन्हें मैं अपना आदर्श मानती हूं। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है. हालांकि रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है।

# बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी के बेटे अहान की एंट्री पक्की


वर्ष 1997 में आई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल आ रहा है। निर्माता बॉर्डर 2 की तैयारियों में व्यस्त हैं और नए-नए सितारों का नाम इस फिल्म से जुड़ता जा रहा है। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी के होने की चर्चा तेज थी। आज इन चर्चाओं पर मुहर लग गई है। खुद सनी देओल ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर बॉर्डर 2 बटालियन में अहान का स्वागत किया है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, फिल्म बॉर्डर 2 बटालियन में फौजी अहान शेट्टी का स्वागत है। सनी देओल ने फिल्म का टीजर वीडियो भी जारी किया है। जिसे पार नहीं कर पाता दुश्मन, वह न तो कोई लकीर है, न दीवार न खाई। और क्या है यह? बस एक फौजी और उसके भाई। अहान शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, बॉर्डर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह इससे कहीं अधिक है। यह एक विरासत है, एक भावना है। और इसी के साथ एक सपना सच हुआ है। अहान ने लिखा है, अब फिल्म बॉर्डर 2 का हिस्सा बनने का मौका मिलना एक सम्मान है। मेरा हाथ थामे रखने के लिए जेपी अंकल आपका बहुत शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि मैं आपको गर्व महसूस कराऊंगा।






# अपनी फिल्मों को दर्शक की तरह देखती हैं अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी फिल्मों और स्टाइलिश लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। अनन्या पांडे ने हाल ही में इम्पोस्टर सिंड्रोम से ग्रसित होने की बात कही है। अनन्या पांडे ने बताया कि खुद को पोस्टर या बिलबोर्ड पर देखकर वो भूल जाती हैं कि वो खुद उस पोस्टर में हैं। एक बातचीत के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि वह किस तरह से अपने स्टारडम और प्रसिद्धी को अपनाती हैं। अनन्या ने कहा, ये सिंड्रोम किसी साधारण सी बात से शुरू होती है, जैसे कि जब कोई मेरा नाम लेता है। इंटरव्यू और अन्य चीजों के दौरान, मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, और यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है। जब ऐसा होता है तो मुझे अचानक किसी और की तरह बनने का मन करता है। अनन्या ने कहा कि जब मैं खुद को किसी बिलबोर्ड में देखती हूं तो मुझे लगता है कि ये मैं नहीं हूं। कई बार ऐसा फिल्मों को देखकर भी लगता है। मैं इसे एक दर्शक की तरह ही देखती हूं। मैं भूल जाती हूं कि सामने मैं ही नजर आ रही हूं। अनन्या पांडे इन दिनों आगामी फिल्म कंट्रोल में दिखाई देने वाली हैं। उनकी ये फिल्म एक साइबर थ्रिलर होने वाली है, जो कि चार अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# खतरों के खिलाड़ी 14 के विजेता करण वीर मेहरा पर भड़के आसिम रियाज?

कलर्स टीवी के शो बिग बॉस 13 में अपने बेबाक अंदाज से प्रसिद्धि हासिल करने वाले आसिम रियाज ने खतरों के खिलाड़ी 14 से बाहर होने के बाद सुर्खियां बटोरीं। यह शो एक छोटे अंतराल के बाद टेलीविजन पर उनकी वापसी का प्रतीक था। आसिम अपने साथी प्रतियोगियों अभिषेक कुमार और शालीन भनोट और मेजबान रोहित शेट्टी के साथ एक झगड़े में पड़ गए थे। इस दौरान उन्होंने होस्ट रोहित शेट्टी पर भी अपना आपा खो दिया था, जिसके बाद उन्हें शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वहीं, अब आसिम की नई पोस्ट लोगों का खासा ध्यान आकर्षित कर रही है। उन्होंने ये पोस्ट करण वीर मेहरा के जरिए खतरों के खिलाड़ी 14 का खिताब जीतने के बाद किया।

बॉलीवुड लाइफ के साथ एक हालिया इंटरव्यू में खतरों के खिलाड़ी 14 की ट्रॉफी उठाने वाले करणवीर मेहरा ने कहा कि आसिम को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आसिम बहुत कम उम्र में मिली प्रसिद्धि को संभाल नहीं सकते और उन्हें यह समझने की जरूरत है कि एक अच्छा इंसान बनना महत्वपूर्ण है। अभिनेता ने कहा, हो सकता है वो मुझे हरा देते, हो सकता है वो इंटरव्यू दे रहे होते। लेकिन वो कहते हैं ना कि तुम इतनी बड़ी बाइट मत लो कि चबाओ ना कर सको। बहुत कम उम्र में उन्हें बहुत कुछ मिला और यह उनके परिवार, दोस्तों की जिम्मेदारी है कि वे उन्हें जमीनी हकीकत बताएं कि वह आज प्रसिद्धि हैं लेकिन प्रसिद्धि कल यह नहीं होगी। एक अच्छा अभिनेता बनना, बॉडी बिल्डर बनना, अच्छा खतरों का खिलाड़ी बनना, ये सब आसान है। अच्छा इंसान बनना ये सबसे ज्यादा मुश्किल है, इसलिए आसिम को उस पर काम करने की जरूरत है और जो कुछ भी हुआ है, उन्हें चिकित्सा सहायता की जरूरत है।

ऐसा लगता है कि, यह बात आसिम रियाज को अच्छी नहीं लगी, जिसके बाद उन्होंने अपने एक्स हैंडल से करणवीर पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। आसिम ने करणवीर को गालियां दीं और कहा कि करण को यह दिखाने के लिए उन्हें बदनाम करना पड़ा कि वह आखिरकार 40 साल की उम्र में कुछ कर सकते हैं। आसिम ने लिखा, इस घटिया इंसान को यह दिखाने के लिए मुझे बदनाम करना पड़ा कि हारे हुए व्यक्ति ने आखिरकार 40 साल की उम्र में अपने जीवन में कुछ किया। यूं तो आसिम रियाज ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, ना ही किसी को टैग किया, लेकिन नेटिजन्स का मानना है कि वह इस पोस्ट में करण वीर मेहरा की बात कर रहे हैं।

# वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन में होगा सलमान का कैमियो?

वरुण धवन अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर लाइमलाइट में हैं। अभिनेता पहली बार साउथ के सफल फिल्म निर्माता एटली के साथ काम कर रहे हैं।

बेबी जॉन में वरुण धवन का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। वहीं, अब फिल्म को लेकर आई नई रिपोर्ट ने फैंस के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार, वरुण धवन की फिल्म की सलमान खान एक कैमियो भूमिका निभाएंगे हालांकि, अब तक न तो निर्माता और न ही अभिनेता ने इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की है।



# राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया। ऑनलाइन साइबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट https//www.cybercrime.gov.in / पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त साइबर दोस्त को फालो करने के संबंध में जानकारी दी गई। वही एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोई भी आम नागरिक साइबर वालंटियर्स बनकर साइबर काइम के प्रति लोगो को जागरूक करने एवं अपराधियों को पकड़ने तथा अपराध को नियंत्रण करने में अहम भूमिका निभा सकता हैं। अभियान के प्रथम दिवस जिला मुख्यालय बालोद के जिला ग्रन्थालय, शास. घनश्याम सिंह महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद में थाना बालोद, साइबर सेल बालोद एवं साइबर वालंटियर्स द्वारा बच्चो को प्रोजेक्टर के माध्यम साइबर ठगी के संबंध में अपराध को कार्टून फिल्म व स्लाइड के जरिये दिखाकर जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय बालोद के सभी थाना, चौकी द्वारा अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहों, वर्कशॉप, स्कूल/कॉलेजों में साइबर क्राइम के प्रति लोगो को पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया गया। दरअसल पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा, रायपुर के निर्देशन पर दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, अति पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश राठौर के नेतृत्व में निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय थाना प्रभारी बालोद, साइबर सेल प्रभारी उनि जोगेन्द्र साहू व साइबर वालंटियर्स द्वारा राज्य व्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के माध्यम से कॉलेज स्कुल के छात्र व छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।

### 1800 से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

अभियान के प्रथम दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद के थाना बालोद एवं सायबर सेल द्वारा शास. आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद, शास.घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद, जिला ग्रंथालय बालोद, थाना गुरूर-शास. महाविद्यालय गुरूर, दुर्गा पण्डाल, चौकी कंवर-ग्राम सभा स्थल, थाना पुरूर स्कुल ग्राम ओनाकोना, चन्दनबिरह, थाना सनौद शास. आत्मानंद विद्यालय, थाना गुण्डरदेही- हायर सेकेन्डरी स्कूल, थाना रनचिरई रनचिरई, परसाही, थाना सुरेगांव-शास. आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, थाना-देवरी-नांहदा, चौकी-पिनकापार, फुलसुंदरी, खामतराई, थाना डौण्डी लोहारा बाजार चौक बड़गांव, चौकी संजारी-हाई स्कूल संजारी, खेरथा बाजार शास. महाविद्यालय, थाना मंगचुवा-ग्राम सभा मंगचुवा, थाना दल्लीराजहरा बीएसपी माइन्स राजहरा, थाना महामाया- ग्राम सभा स्थल कोटागांव, थाना डौण्डी-हाई स्कुल डौण्डी, सल्हाइटोला, बेलरगोंद ग्राम सभा व सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहों, वर्कशॉप, स्कूल कॉलेजों में लगभग 1 हजार 800 से अधिक लोगो को साइबर क्राइम के प्रति पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया गया तथा जिला ग्रन्थालय बालोद, शास. घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर ठगी के संबंध में अपराध को कार्टून फिल्म व स्लाइड के जरिये दिखाकर जागरूक किया गया। साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है। ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही साथ बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नही करने की अपील की गई।

# चुनरी यात्रा श्रद्धालुओं के भीड़ से भक्तिमय हुआ बेमेतरा शहर





पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भव्य चुनरी यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक साहू माँ भद्रकाली सहित नगर के विभिन्न पंडालो मे विराजमान शक्ति की देवी माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि एवं मंगलकामना लिए प्रार्थना किया। चुनरी यात्रा मे नगर से आसपास ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने भव्य चुनरी यात्रा मे शामिल हुए। यह यात्रा शाम 7 बजे कालिका मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न चौक चौराहो से होते हुए माँ भद्रकाली मंदिर मे माँ भद्रकाली की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाकर समापन किया गया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा की यह आयोजन बेमेतरा नगर कि ऐतिहासिक कार्यक्रम है इससे पहले मैंने एक बार भी इस प्रकार की कार्यक्रम का आयोजन बेमेतरा नगर मे नहीं देखा था। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा की पुरे देश मे इस समय नवरात्री की धूम है सभी मातारानी के भक्त पुरे जोश और उमंग के साथ माँ दुर्गा के उपासना और भक्ति भाव मे लीन है। चुनरी यात्रा मे श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। साहू ने कहा की लगभग 1,000 से अधिक श्रद्धालु, जिनमें महिलाएं और पुरुष बुजुर्ग बच्चे सभी इस कार्यक्रम मे शामिल थे, यात्रा में भाग लेने पहुंचे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुआ। चुनरी यात्रा का यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। श्रद्धालुओं की भारी संख्या और उनके उत्साह ने इसे एक दम अलग बना दिया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, ओबीसी मोर्चा जिला राजू देवांगन, विकाश तम्बोली, धर्मेंद्र साहू, केशव साहू, निशा चौबे, गौरव साहू, ओमकार साहू, पिंकी नेमा गुप्ता, दीनानाथ साहू, राजीव तम्बोली, आशीष साहू, टिकेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, ओमेश्वरी साहू, रानू साहू सहित आयोजक समित के समस्त सदस्यगण, नगरवासी एवं आसपास के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बीएसपी को मिलेगा शिवनाथ नदी से पानी, मरोदा से शिवनाथ नदी तक पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्ण, नहर से नौ मीटर दूरी पर पोल लगने लगा



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

जल संसाधन विभाग दुर्ग की मदद से अब बीएसपी को शिवनाथ नदी से पर्याप्त पानी मिलेगा। जिसके लिये मरोदा से रिसाली, धनोरा, हनोदा से चंदखुरी तक शिवनाथ नदी जाने तक पाईप लाइन बिछाया गया है। जिसकी लागत लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक है। अब 1 करोड़ 19 लाख की लागत से नहर किनारे से नौ मीटर की दूरी तक पुराने पोल को हटाकर नया बिजली पोल व नया तार बिछाने का कार्य तेजी से हो रहा है। यह कार्य अनुज इंटरप्राइजेज नेवई भाठा को मिला है। जिसके मजदूरो के द्वारा नियमतः हेलमेट, दास्ताना पहन कर काम कर रहे है। यह कार्य डब्लूआरएस व जल सन्साधन विभाग दुर्ग की मदद से किया जा रहा है। पोल सिप्टिग के साथ ही पुराने ट्रांसफार्मर को मौके पर ही लगाया जा रहा है। जिसमे सैकड़ो मजदूर दिन रात मेहनत कर पूरा कर रहे है। इस कार्य के पूरा हो जाने से बीएसपी को शिवनाथ नदी से जल संसाधन विभाग की मदद से पर्याप्त पानी प्लाट को चलाने के लिये मिल सकेगा।

# बांध के गहरीकरण के नाम पर समतल जमीन की खुदाई कर मुरूम का किया जा रहा परिवहन

## मुरूम खुदाई करने वाले ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों में रोष

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम सोरम में इन दिनों धडल्ले से मुरूम खुदाई किया जा रहा है। यहां का मुरूम का परिवहन अभनपुर ब्लॉक में जो सड़क निर्माण कार्य हो रहा है वहा पर ले जाया जा रहा है। बांध के बेतरतीब खुदाई किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आलम तो यह है की मुरूम खुदाई के कारण बांध मौत का कुआं बनता जा रहा है। वही जिस स्थान पर गहारीकरण किया जाना है वहा खुदाई न करके बाहर समतल मैदान का खुदाई कर मैदान को खराब किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत सोरम द्वारा गांव में स्थित दर्री तालाब से लगा हुआ बांध है। जो लगभग 1970 में निर्माण हुआ है। इसी बांध के पार को खुदाई कर मुरूम निकाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है की बांध के अंदर खुदाई कर मुरूम निकालने का प्रस्ताव पंचायत द्वारा दिया गया है। लेकिन मुरूम खनन करने वाले ठेकेदार बेतरतीब खनन कर रहे है। ग्रामीणों का यह भी कहना है दर्री तालाब और बांध के मध्य का खनन कर दोनो को जोड़ने का कार्य किया जाना था। लेकिन मुरूम खनन करने वाले लोग मनमानी करते हुए कही भी खुदाई करने लगे है। बांध के ऊपर मैदान खाली जगह वहा पर खनन किया जा रहा है। अगर जल्द ही इस पर रोक नही लगाई गई तो बांध क्षेत्र का पूरा मैदान गहरा हो जायेगा। बताया जा रहा है की सोरम के भाटापारा के लोगो का निस्तारी का साधन यह बांध है। लेकिन बेतरतीब खुदाई के करना निस्तारी के लिए उपयुक्त जगह भी नहीं मिलेगा। जिससे की भविष्य में निस्तारी की समस्या हो सकती है।

# चारों धाम से बढ़कर है देवी कथा : रुचिता तिवारी

## महादेव भवन में रुचिता तिवारी ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन अनेक प्रसंगों पर दिया व्याख्यान







पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन कथाकार रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जीवन का कल्याण करने वाली वाली मां भगवती है। इसलिए उसकी आराधना करो। आगे कहा कि चारों धाम से बढ़कर देवी कथा है। एक तरफ अमृत रखा जाए एक तरफ कथा अमृत रखा जाए तो सर्वश्रेष्ठ कथा अमृत होता है और जो अमृत होता है उसी को ग्रहण किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो गलती करता है उसी को भोगना पड़ता है। कुछ लोग ज्ञान एवं जानकारी को एक ही समझते हैं, जबकि दोनों में बहुत अंतर होता है। ज्ञान जो भी हो सत्य होना चाहिए, ज्ञान भीतर से आना चाहिए। इसलिए जानकारी मत लो ज्ञान लो। ज्ञान जो जीवन में प्रशिक्षण से आता है।

### ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता

कथा के दौरान रुचिता तिवारी ने कहा कि ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता और ना ही दूसरों की निंदा करता है। इसलिए ज्ञानी बनें। ज्ञान कहीं से मिल सकता है। आगे कहा कि जो दुखी हैं वे एक दूसरे से नहीं बोलते एक दूसरे के बारे में बोलते हैं। सबसे सर्वोच्च है भरोसा जिसे परमात्मा पर करो। किसी की प्राप्ति के लिए इंतजार करने की जरूरत है। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं। भगवान मानव के रूप में बनकर सीखते हैं। भगवान हमें जीना सिखाते हैं। समय का उपयोग कैसे करें इसे बताते हुए उन्होंने कहा कि समस्त कार्य को छोड़कर आओ जो आपको बनाया है, उसका ध्यान करो। समय भगवान के लिए निकालना चाहिए, जीवन में वफादारी ईमानदारी हो जाए तो कथा समझ जाओगे। उन्होंने कहा कि प्रेम की बस में सब हैं, किंतु प्रेम किसी के बस में नहीं है। भगवान के लिए स्वास्तिक यज्ञ करना चाहिए किसी जीव की बली नहीं करनी चाहिए। मदिरा नहीं चढ़ाना चाहिए, यज्ञ में जो वस्तु का उपयोग हो व शुद्ध हो।

### भवानी मेरी पुकार भजन में खूब झूमे भक्त

रविवार को कथा प्रवचन के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा प्रवचन के बीच-बीच में भजनों में हर रोज की तरह आज भी श्रोता झूम उठे। खास तौर पर भवानी मेरी पुकार भजन में श्रोतागण अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने लगे। इतने दिनों की तुलना में रविवार को काफी भीड़ रही। पूरा पंडाल श्रोताओं से खचाखच भरा था। शाम 5 बजे आरती में भी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मॉडर्न आर्ट क्लब द्वारा गुजरात एवं मुंबई के बेस्ट गरबा टीचर ने सैकड़ों लोगों को गरबा सिखाया





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मॉडर्न आर्ट क्लब द्वारा 8 सालों से गरबा प्रशिक्षण के लिए गुजरात एवं मुंबई के बेस्ट गरबा टीचर के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों लोगों को गरबा की बेसिक एवं एडवांस गरबा सिखाया गया। इस प्रशिक्षण में बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष वर्ग गरबा प्रशिक्षण का भरपूर फायदा उठाएं। प्रशिक्षण में गुजरात से आए रोमी प्रजापति एवं नागेश साहू ने गरबा की बारीकियां सिखाई। लगभग आठ दिवसीय गरबा प्रशिक्षण का समय डी मैक में सुबह 6:00 से शाम 8:00 तक रहा है। कुसुमकसा, बालोद, डौंडी से काफी लोगों ने गरबा की बारीकियां सीखी डी मैक के संचालक विजय बोरकर एवं मिलन मरई ने बताया कि हर साल सैकड़ों लोग डांस म्यूजिक एवं गरबा का प्रशिक्षण हमारे इस संस्था से लेते आ रहे हैं जिससे कि हमारे काफी स्टूडेंट स्टेट एवं नेशनल में भी कला के क्षेत्र में दल्ली राजहरा का खूब नाम रोशन कर रहे हैं। गुजरात से आए गरबा टीचर रोमी प्रजापति ने कहा दल्ली राजहरा की कई हाउस वाइफ (ग्रहणी) भी अपने घर की जिम्मेदारी से समय निकालकर गरबा सीखने आ रही हैं, उन्होंने अपेक्षा किया कि सब ग्रहणी कई लोगों के लिए प्रेरणा बनेंगे।

# सर्व समाज ने दिया किसान आन्दोलन को समर्थन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट को बंद करने के लिए लगातार शांतिपूर्ण आंदोलन की आज एक पखवाड़ा पूरा हो गया।इस आंदोलन को आज सर्व समाज बेमेतरा द्वारा समर्थन की घोषणा की गई।धरना स्थल पर सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान किया गया। आंदोलन के संबंध में बेरला जनपद पंचायत सभापति सिद्दीक खान ने बताया कि एक पाखवाड़े के बाद भी प्रशासन की दोगली नीति से लोगो में बेचैनी मिश्रित आक्रोश सामने आ रहा है। महिलाए प्लांट में ताला बंदी के लिए बेहद उग्र और अग्रसर दिखाई दे रही है और शीघ्र ही इसके लिए कार्य योजना बनाने के लिए आंदोलन स्थल पर आवाज उठा रही है।इस क्षेत्र में किसानो की ओर इतना लंबा आंदोलन पहली देखा जा रहा है। आंदोलनकारियों के दृढ़ निश्चिय को देखते हुए ऐसा प्रतित होता है कि प्लांट बंदी से कम में किसी कीमत पर मानने को तैयार दिखाई नही दे रहे है। किसानो का गुस्सा प्रशासन के रवैए से और भी ज्यादा बढ़ता ही जा रहा है। आंदोलनकारियो का एक प्रतिनिधि मंडल लगातार जन समर्थन जुटाने में लगा हुआ है। इसी तारतम्य में सर्व समाज से समर्थन का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार करते हुए सर्व समाज ने आकर आंदोलन स्थल पर समर्थन की घोषणा की। राजधानी रायपुर से भी किसान संघ और पर्यावरण से जुड़े हुए लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है।

# पाठ्य पुस्तकों के द्वितीय चरण के लेखन के लिए बेमेतरा से चार शिक्षकों का चयन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन ईपी 2020 पर आधारित एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए जा रहे कक्षा एक, दो, तीन, और छह, के विषय हिंदी, गणित, और कला पाठ्य पुस्तकों के लेखन का द्वितीय चरण का पांच दिवसीय द्वितीय चरण का कार्यशाला 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान को पुख्ता करने के साथ सर्वांगीण विकास के लर्निंग आउट कम्स के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु पाठ्य पुस्तकों की पाठ्य सामग्री सूची और अभ्यास कार्य को तैयार किया जा रहा है। जिसमें बेमेतरा जिला प्राथमिक शाला खिलोरा से सुचिता निषाद का चयन हिंदी विषय के पाठ्य पुस्तक लेखन के लिए किया गया है। सागरिका यादव हरदी बेरला, विकेश यादव गणित भरदा बेरला और अनिल वर्मा नवागढ़ का चयन विभिन्न विषय पर कार्य के लिए किया गया है। जिसके हिंदी लेखन कार्य प्रभारी जयललिता, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ललित साहू, पाठ्यपुस्तक प्रकोष्ठ कौस्तव चटर्जी लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से चंदन यादव इंदौर, रूम टू रीड से ताहिर अली भोपाल, अजय मिश्रा डाइट व्याख्याता, पुष्पा शुक्ला रायपुर द्रोण साहू संबलपुर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रवि सिंह रायपुर और छत्तीसगढ़ के महासमुंद, बलौदाबाजार जिले से एक-एक शिक्षक शिक्षिका सम्मिलित रहे। नई शिक्षा नीति 2020 आधारित लक्ष्य बच्चों की बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान पर जोर डालते हुए रुचि पूर्ण अभ्यास गतिविधियों के साथ पाठ्य पुस्तक लेखन में रोचक कहानी/ कविताओं के साथ पुस्तक लेखन कार्य किया जा रहा है।

# बोनस पर प्रबंधन के रवैया के खिलाफ खदान कर्मियों ने भरी हुंकार


पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





1 अक्टूबर को दिल्ली में संपन्न एनजेसीएस बैठक में बोनस के मुददे पर प्रबंधन के नकारात्मक रवैये के खिलाफ पूरे सेल में 5 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते हुए खदान कर्मियों ने भी संयुक्त यूनियन मोर्चा के नेतृत्व में राजहरा माइंस ऑफिस के सामने जमकर प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि बोनस के फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो खदानों में जल्द ही हड़ताल होगी। उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों के बोनस का विवाद गहराता जा रहा है। 1 अक्टूबर 2024 को दिल्ली में बोनस के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सभी यूनियन को बुलाया गया था, प्रबंधन ने विवादित व अस्वीकार्य फार्मूले के अनुसार 26500 बोनस देने की घोषणा की। जिसे नकारते हुए सभी यूनियनों ने एक स्वर में कहा कि सेल में कर्मियों के योगदान और उत्पादन व उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए 2022 में दिए गए 40500 से कम बोनस पर बात नहीं बनेगी। लेकिन प्रबंधन नेअपनी मनमानी करते हुए सेल कर्मियों के खाते में 26500 रूपये की राशि डाल दी। सेल स्तर पर सभी यूनियन के नेताओं ने 2 अक्टूबर को बैठक कर तय किया है कि प्रबंधन के इस रवैया के खिलाफ आंदोलन आवश्यक हो गया है। आंदोलन की रूप रेखा तय करते हुए उन्होंने 5 अक्टूबर को सेल की सभी इकाइयों में संयुक्त प्रदर्शन किया। जिसके तहत राजहरा में भी खदान कर्मियों ने संयुक्त यूनियनों एटक, सीटू, इंटक, बीएमएस, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर खदान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एटक के सचिव कमलजीत सिंह मान ने कहा कि सेल प्रबंधन नियमित एवं ठेका कर्मियों के मामले में लगातार मनमाना होते जा रहा है इसके खिलाफ निर्णायक संघर्ष जरूरी हो गया है। खदान कर्मी सेलस्तर के आंदोलन के साथ स्थानीय स्तर पर भी ठेका एवं रेगुलर कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं, आवश्यकता पड़ने पर हम अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए तैयार है। सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह एवं सचिव प्रकाश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि वेज रिवीजन से लेकर अब तक हम देखते आ रहे हैं कि प्रबंधन एनजेसीएस के सर्वसम्मति की पर परिपाटी को तोड़ते हुए बहुमत के खेल पर उत्तर आया है, और अब हालात यह है कि वह किसी की नहीं सुन रहा है। अब सेल प्रबंधन का रवैया बेहद नकारात्मक और मनमानीपूर्ण है। नियमित कर्मचारियों के वेज रिवीजन में एवं ठेका मजदूरों के वेतन तय करते समय भी प्रबंधन का रवैया ऐसा ही देखने को मिला है। और अब बोनस के मामले में भी प्रबंधन हिटलर शाही कर रहा है। जिससे श्रमिकों में काफी आक्रोश है प्रबंधन के इस रवैया को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इसलिए अब निर्णायक संघर्ष आवश्यक हो गया है। हम खदानों में हड़ताल के लिए पूरी तरह तैयार है। इंटक यूनियन के अध्यक्ष तिलक मानकर ने कहा कि सेल प्रबंधन के रवैया के खिलाफ खदान कर्मचारी करने एकजुट है और स्थानीय स्तर पर भी जो समस्याएं हैं उनके लिए हम सब एक होकर संघर्षरत है, यदि प्रबंधन ने जल्द से जल्द कर्मियों के हित में फैसला नहीं लिया तो हम हर हाल में हड़ताल पर जाने को बाध्य होगें। बीएमएस यूनियन के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि नई दिल्ली से लेकर दल्ली तक प्रबंधन का रवैया एक जैसा है जिस तरह दिल्ली में मनमानी चल रही है उस तरह स्थानीय स्तर के अधिकारी भी पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त होकर नियमित एवं ठेका श्रमिकों का शोषण कर रहे हैं जिसे हम किसी कीमत पर भी बर्दाश्त नहीं करेंगे और हम अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को तैयार है। छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष सोमनाथ उइके ने कहा कि राजहरा की परंपरा रही है कि नियमित और ठेका श्रमिक हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं, और इसी तरह एक जुट होकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष भी करते हैं। आने वाले दिनों में नियमित एवं ठेका कर्मियों की मांगों पर सभी एकजुट होकर हड़ताल समेत सभी प्रकार की कार्यवाही के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रबंधन को चेतावनी देते हैं कि वह जल्द से जल्द श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक विचार करे, अन्यथा खदान कर्मी अपनी परंपरा अनुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

# नवरात्रि में बच्चों ने फूलों से मनमोहक रंगोली सजाई



**बेमेतरा।** साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में नवरात्रि पर्व बच्चों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाएं आटा और फूलों से रंगोली सजाई, दुर्गा माता का चित्र बनाई। नव दुर्गा के नव रूप धारण करने की कहानी को शाला की प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को विस्तार से बताई। उन्होंने नवरात्रि पर्व के बारे में भी बच्चों को विस्तार से बताई। बारी बारी से नव दुर्गा के नाम से बच्चों को अवगत कराई। साथ ही घर में अपनी माँ पिताजी की सेवा करने और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। नवरात्रि में माँ दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध करके देवताओं को उसके कष्टों से मुक्त किया था। इसलिए माता को महिषासुर मर्दनी भी कहते है। बच्चों को कथा सुनाई। जस गीत गाए। शिक्षिका हेमलता ठाकुर ने बच्चों को बताई कि त्यौहार का जीवन में बहुत महत्व है।

# बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे



**पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।**

रैकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

## अभिभावक क्या करें

### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं। गलत विषय का चयन भी बच्चों को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर देता है।

### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

### पैरेंट्स डायरी

हर कीमत पर बच्चे की मदद को तैयार रहें। उसकी शारीरिक-भावनात्मक स्थिति पर नजर रखें और प्रोफेशनल की मदद लेने को भी तैयार रहें। ताकि बच्चा अवसाद से न घिरे।

उसे भावनात्मक लगाव और सहयोग दें। उसकी बातें सुनें, आलोचना न करें और उनसे लगातार संवाद बनाएं रखें।

उसे अधिकाधिक सूचनाएं दें। लाइब्रेरी की सदस्यता दिलाएं, स्पोर्ट्स क्लब जॉइन कराएं, दोस्तों से मिलने-जुलने को प्रेरित करें, इंटरनेट पर दिलचस्प जानकारियां लेने को कहें, सामाजिक संस्था से जोड़ें।

### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है।

उचित मार्गदर्शन, प्यार, विश्वास और धैर्य के साथ बेझिझक बातचीत करते हुए बच्चे के मन की बात जानना बेहद जरूरी है ताकि वह हर बात को बिना किसी डर के आपके समक्ष रख दे। शारीरिक हालत को देखते हुए तुरंत बच्चे की मनस्थिति समझने का प्रयास शुरू कर दें।







# जब हो ट्विन प्रेग्नेंसी

**प्रेग्नेंसी किसी भी स्त्री के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आती है लेकिन यह अपने साथ कई जटिलताएं भी लाती हैं। अगर गर्भ में जुड़वां बच्चे हों तो स्थिति और भी मुश्किल होती है। ऐसे में जरूरी होता है कि गर्भावस्था के दौरान खानपान का ध्यान रखा जाए, नियमित जांच कराई जाए और डॉक्टर के सुझाव पूरी तरह माने जाएं, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ और खुश रहें।**

गर्भाशय का आकार सामान्य से बड़ा हो और एक से अधिक गर्भ की हार्टबीट्स सुनाई दे रही हों तो डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसी से पता लगता है कि यह ट्विन प्रेग्नेंसी है या नहीं। जैसे ही ट्विन प्रेग्नेंसी का पता चले, अपने और होने वाले बच्चे की बेहतरी के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं। ट्विन प्रेग्नेंसी की जटिलताएं सिंगल प्रेग्नेंसी से अलग होती है। इस दौरान कुछ खास परेशानियां हो सकती हैं-

ट्विन प्रेग्नेंसी में गैस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान कमजोरी अधिक हो सकती है। प्रसव के बाद ब्लीडिंग का खतरा भी ज्यादा रहता है। ट्विन प्रेग्नेंसी के अधिकतर मामलों में डिलिवरी के लिए सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। प्रीमैच्योर बर्थ की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा गर्भ पर अधिक भार के कारण शरीर में दर्द हो सकता है।

ट्विन प्रेग्नेंसी में एक से अधिक बार चेकअप की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि कई बार एक बच्चा कमजोर होता है और दूसरा स्वस्थ। ट्विन प्रेग्नेंसी में हर चौथे सप्ताह में चेकअप अवश्य कराएं। जैसे-जैसे प्रसव का समय नजदीक आता है डॉक्टर कुछ टेस्ट्स और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कह सकते हैं। ट्विन प्रेग्नेंसी में वजन अधिक बढ़ जाता है और यह बच्चे के विकास के लिए जरूरी भी होता है।

## इस दौरान रखें स्वास्थ्य का खयाल

- यदि किसी का वजन औसत है तो गर्भावस्था के दौरान प्रतिदिन सामान्य से लगभग 600 अतिरिक्त कैलरीज की जरूरत पड़ती है। कितनी कैलरी लेना होगी यह वजन, जरूरत और दिनचर्या पर निर्भर करता है।
- पोषक तत्वों का सेवन करें। फॉलिक एसिड, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और दूसरे आवश्यक पोषक पदार्थों का सेवन अवश्य किया जाना चाहिए।
- गर्भावस्था में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है ताकि शरीर में जल का सही स्तर बना रहे।
- उपवास या व्रत से बचें और भूखे पेट न रहें। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा बीच-बीच में हेल्दी स्नैक्स लें।
- बेड रेस्ट की सलाह खास जटिलताएं होने पर ही दी जाती हैं। आमतौर पर डॉक्टर सामान्य कार्य करने की सलाह देते हैं इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के बेडरेस्ट न करें। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि बेड रेस्ट से प्रीमैच्योर डिलिवरी का खतरा बढ़ता है।
- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा हो या तेज सिरदर्द हो तो डॉक्टर को दिखाएं।
- वजन ज्यादा होने से पैरों में सूजन आती है, इसलिए पैर लटकाकर देर तक न बैठें।
- नमक का सेवन कम करें ताकि ब्लडप्रेशर अधिक न बढ़े।




# छुट्टियों का लें भरपूर आनंद

कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढ़ना, बहुत दिनों से अधूरी पड़ी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली-बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड़ में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना। ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

## फुर्सत यानी कुछ और

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है। लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

## रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है। मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं-'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है। सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

## चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं।

## तय हो योजना

आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

## जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

## छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

## तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

## तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

## सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।

# बस्तर की बिटिया अपूर्वा त्रिपाठी ने राष्ट्रीय ग्रीन समिट में पेश किया

# नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल, पर्यावरण बचाने के लिए दिया अनूठा समाधान





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

तीन दिवसीय राष्ट्रीय ग्रीन समिट के तकनीकी सत्र 3 अक्टूबर 2024 अपराह्न में बस्तर की बेटी, अपूर्वा त्रिपाठी ने विशेषज्ञ के तौर पर भाग लिया और बस्तर में जैविक पद्धति से की जा रही उच्च लाभदायक बहुस्तरीय खेती के अंतर्गत जड़ी बूटियों की खेती तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए 'नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल' की अनूठी अवधारणा पर अपना वक्तव्य दिया। अपूर्वा, जो एक प्रतिष्ठित कानून विशेषज्ञ होने के साथ-साथ वनवासी महिलाओं के अधिकारों पर शोध कर रही हैं, ने दुर्लभ और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। अपूर्वा ने अपने कार्य के बारे में बताते हुए कहा कि यह तीन दिवसीय सम्मेलन पर्यावरण को बचाने और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझने के लिए आयोजित किया गया है, जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने मां दंतेश्वरी हर्बल फर्म्स एवं रिसर्च सेंटर द्वारा डॉ. राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में पिछले 30 वर्षों की मेहनत से विकसित नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कुलपति कृषि विश्वविद्यालय, आयोजन समिति के द्वारा अपूर्वा त्रिपाठी के प्रदर्शन तथा योगदानों को सराहते हुई उन्हे सम्मानित किया गया तथा ग्रीन सबमिट 'विशिष्ट-सम्मान' भी प्रदान किया गया। अपूर्वा की इस पहल ने रायपुर के राष्ट्रीय ग्रीनसमिट में बस्तर के नाम को एक नई ऊंचाई दी और उनका योगदान छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। अपूर्वा त्रिपाठी के विचारों और उनकी पेशकश को ग्रीन समिट में मौजूद देश-विदेश के विशेषज्ञों और शोधार्थी छात्रों ने बेहद सराहा। अपूर्वा ने साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ की बेटियां न केवल राज्य, बल्कि पूरे देश को एक नई दिशा दे सकती हैं।

### नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल की विशेषताएं

**कम लागत, ज्यादा लाभः** अपूर्वा ने बताया कि एक पारंपरिक पाली-हाउस तैयार करने में करीब 40 लाख का खर्चा आता है और इसकी उम्र अधिकतम 8-10 साल होती है, जिसके बाद इसे कबाड़ में बदलना पड़ता है। इसमें यउपयोग होने वाला प्लास्टिक भी पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या है। इसके विपरीत, नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल सिर्फ 1 लाख की लागत में तैयार किया जा सकता है और यह कई दशकों तक स्थिर रहता है।

**उत्पादन से भारी मुनाफाः** इस मॉडल से 10 सालों में 3 करोड़ रुपए की लकड़ी प्राप्त होती है, यानी किसान को एक साल में करीब 30 लाख प्रति एकड़ का मुनाफा। इसके अतिरिक्त , इसमें लगे पेड़ों पर काली मिर्च की लताएं चढाकर और वृक्षारोपण की उपरांत बच्ची लगभग 85% खाली जमीनों पर औषधीय पौधों की खेती भी की जा सकती है, जिससे हर साल 3-5 लाख की अतिरिक्त आमदनी भी होती है, बड़ी बात यह है कि इस कमाई की रकम साल दर साल तेजी से बढ़ते जाती है।

**पर्यावरण अनुकूलः** नेचुरल ग्रीनहाउस न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का भी एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है। यह मॉडल प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला साबित हो रहा है।

### सम्मेलन में अपूर्वा की भूरी-भूरी प्रशंसा

अपूर्वा त्रिपाठी के व्यक्ति त्व और उनके कार्यों की प्रशंसा तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। उन्होंने कहा, अपूर्वा त्रिपाठी जैसी बेटियां ही छत्तीसगढ़ और देश का भविष्य संवार सकती हैं। इसके अलावा, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के सीईओ जेसीएस राव, असम के रिटायर्ड आईएफएस जितेंद्र शर्मा और पद्मश्री वैद्य हेमचंद्र माझी ने भी इस सत्र में अपने विचार साझा किए।

## नगरीय क्षेत्रों मे तालाबों का अस्तित्व सीवरेज के पानी से खतरे मे : प्रभात मिश्र



ग्रीन समिट 2024 के वेटलैंड रिस्टोरेशन अर्बन ग्रीनिंग लैंड स्केप (आद्रभूमि संरक्षण और हरित नगरीय क्षेत्र) कैसे हों विषय पर अपने उद्गार प्रगट करते हुए समाज चिंतक व पर्यावरण के क्षेत्र मे लंबे समय से कार्य करने वाले प्रभात मिश्र ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों मे तालाबों का अस्तित्व सीवरेज के पानी से खतरे मे है एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे ट्यूबवेल के बेतरतीब कार्य करने से भूमिगत जल स्तर अस्तित्व को लेकर संकट मे है भूमिगत जल हजारों वर्षो की प्रक्रिया के बाद बनते हैं इसका दोहन होना चाहिए न कि शोषण। नगरीय क्षेत्रों के तालाबों मे प्रदूषित जल को छोडे जाने से पूर्व उपचारित किया जाना चाहिए एस टी पी बनाकर तब कही जाकर हमारे ये तालाब सुरक्षित रह पाएंगे। मिश्र ने आगे बताया कि रायपुर सरोवरों का नगर हुआ करता था जल राशि को बढाने मे कलचुरी हैहय वंशी राजाओं का सर्वाधिक योगदान रहा, साथ ही उन परंपराओ का योगदान भी सर्वाधिक रहा जिसमे अनेक अनाम लोगों ने तालाब किसी की स्मृति मे खुदवाए बनवाए इसका कुल अर्थ मिश्र ने बताया कि तालाब बनवाने वालो की एक श्रेणी थी वहीं दूसरी ओर बनाने वालों की हमारे छत्तीसगढ़ मे 1300 मिलीमीटर वर्षा होती है इस दृष्टिकोण से वर्षा जल का समायोजन कर हम इसके उपयोग को बेहतर बना सकते हैं अपने वक्तव्य मे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1988 के अंतर्गत वेटलैंड अधिनियम 2017के अनुपालन मे राज्य शासन ने 17.12.2018 से इसे लागू किया है। आगे के व वर्तमान समय को देखते हुए तालाबो को व नेचुरल वेटलैंड को संरक्षण देने की आवश्यकता है तथा मनुष्य निर्मित अत्यधिक बनाए जाएं तो अस्तित्व और सहअस्तित्व हम सभी का जिसमे जल चर, थल चर, नभ चर आते हैं सभी का संरक्षण और संवर्धन हो सकेगा। इस परिचर्चा मे अरावली पर्वत श्रृंखला के लिए कार्य करने वाले विजय धसमाना, आसाम से डाक्टर शांतनु दत्ता सदस्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आसाम सरकार, समीर बाजपेई एन आई टी, डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर एम एल नायक, सुनीता चंसोरिया, वर प्रसाद कोला, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# भद्रकाली माता में 51 फिट लम्बी चुनरी चढ़ाकर की गई पूजा

## भव्य काली माता की झांकी झलक पाने उमडा जनसैलाब



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा स्थित माता कालिका मंदिर से पूजा अर्चना कर 51 फिट की चुनरी माता भद्रकाली मंदिर में चढ़ाने के लिए भव्य शोभायात्रा महाराष्ट्र के नागपुर से भव्य काली माता जोत झांकी कालिका मंदिर से गौरवपथ गस्ती चौंक दुर्गा मंदिर दुर्ग रोड से पुराना बस स्टैंड घड़ी चौंक से प्रताप चौंक राम मंदिर से नवीन बाजार होते हुए माता भद्रकाली मन्दिर पहुँच कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाई गई। विशेष रूप से बेमेतरा के विधायक दिपेश साहू, विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका पहुंचे। चुनरी यात्रा व नागपुर से आये काली माता उनकी पूरी टीम हनुमानजी सभी की पूरी तैयारी पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा के नेतृत्व में हुआ विजय सिन्हा ने बताया की नागपुर से आये काली माता की जस झांकी का ऐसा कार्यक्रम जिसमे नगर सहित आसपास के हजारों की संख्या में माता रानी के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता काली का विराट स्वरूप वो भी नवरात्रि के पावन अवसर पर दर्शन नगरवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर रहा बेमेतरा के विधायक दिपेश साहू ने पूरी चुनरी यात्रा में जनता जनार्दन काली मातारानी के श्रद्धालुओं के साथ शामिल रहे। माता रानी के जय जय कार से शहर भक्ति मय हो गया। इस भव्य कार्यक्रम में माता कालिका मन्दिर समिति बाजार पारा दुर्गा उत्सव समिति सहित विकास तम्बोली गौरव साहू मोंटी साहू निशा चोबे ओजस्वी चौबे अमरीका निर्मलकर राजू देवांगन दिना साहू युगल देवांगन हेमलता शर्मा पिंकी नेमा मीनू पटेल ओमेश्वरी साहू ओंकार साहू मीनू पटेल संजय निषाद शिवम साहू सुमित सिन्हा युवराज पटेल शुभम सिन्हा यश रजक अमृत साहु सूरज सिन्हा कीर्ति साहू भानु साहू विवेक रजक लव अभिषेक निषाद धर्मेंद्र साहू शिन्त कालिका मन्दिर परिवार समिति उपस्थित रहे।

## जल है तो कल है
### पं,मोहननारायण शास्त्री

**थान खमरिया।** थान खमहरिया चण्डीधाम करमू मे आयोजित श्री मद भागवत कथाअमृत स्वर्ण



महोत्सव मे जगत गूरू शंकराचार्य गो पुत्र ,गंगा पुत्र, राष्ट्र पुत्र, ज्योतिषपिठाधिश्वर स्वामी अविमुक्त श्वरानंद सरस्वती जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य पं,मोहननारायण शास्त्री जी, ने काहा कि भगवान का जन्म अनेको कारण से होता है, भगवान वराह अवतार लेकर, भूमि अधिग्रहण करने वाले हिरण्याक्ष का वध किया, आज गोचर भुमि का अपहरण करने वाले हि हिरण्याक्ष है, भुमि दान करने वाला बली, त्रिणवत का वध कर वायू प्रदुषण को शुध्द किया, देवकी वसुदेव को पावन कर यमूना नदी मे कालिया नाग का मर्दना कर जल शुध्दी किया, देवभूमि भारत वायु प्रदूषण जल प्रदूषण भुमि प्रदूषण से अ न्त है देव नदी गंगा, यमुना, कावेरी ,नर्मदा, सरयु, आदि करखाने, नदी किनारे शहर के प्रदुषण से पीने स्नान के लायक नही है,सारगर्भित धर्मोपदेश किया कथा बडी संख्या सज्जन उपस्थित रहे सर्व श्री, रविन्द्र चौबे पुर्व विधायक साजा, इश्वर साहू विधायक साजा, रामानुजसिंह राजपुत,अशोक विन्दल, महेन्द्र सिंह विरदी, नरसिंह चन्द्रकर, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, सुधीर सिंघानिया शिव विन्दल, मनहरण सिन्हा, पदमराज बैस, सनत पाटिल,कन्हैयालाल साहू, पुनित यादव,संदीप ताम्रकार, घनश्याम ठाकुर उमाशंकर राजपुत, लोकनाथ पटेल राजेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र दुबे,गौरव विन्दल, विनय सिंह राजपुत पुन्नीलाल पटेल, रविशंकर पटेल, बसंत पटेल, लुकेश अग्रवाल,राजेश सिंह राजपुत, मंदिर पुजारी संजय मिश्रा, परायण कर्ता दुर्गा दुबे,उपदृष्टा पं,दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

## साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु 5 से 19 अक्टुबर तक साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार बेमेतरा जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत 05 से 19 अक्टूबर तक साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन कर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाना है, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में बेमेतरा जिले के प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं की उपस्थिति साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ तथा साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखकर रवाना किया गया। एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ कर फेसबुक, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होने साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। साइबर जागरूकता हेतु सेल्फी जोन भी बनाया गया। एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने कार्यक्रम में साइबर अपराध के संबंध में बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किये। उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा ने बताया कि साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम 05 से 19अक्टूबर तक निरंतर चलेगा जिसके सफल संचालन एवं प्रचार-प्रसार हेतु उपस्थित सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस कार्यक्रम में आने के लिए सभी का अभार व्यक्त किये। सिटी प्रेस क्लब से आनंद साहू ने अपने उदबोधन में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं प्रचार-प्रसार हेतु सहमती व्यक्त कर प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुचाने की बात कही। सायबर सेल बेमेतरा प्रभारी मयंक मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं को सायबर अपराध से संबंधित हानि एवं बचाव के संबंध् में विस्तार से जानकारी दिया गया। साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन व क्रियान्वयन हेतु साइबर जन जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत स्कुल, कॉलेज एवं सामाजिक संगठन विभाग आवासीय कॉलोनी को चिन्हांकित किया गया है जहां जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, समस्त थाना चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शराब को लेकर ओछी राजनीति कर रहे हैं पूर्व सीएम भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत दुर्ग की सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाया कि पांच साल तक सरकार में रहकर गली गली में अवैध शराब बिकवाने वाले अब वर्तमान सरकार द्वारा पाटन में खोला जा रहा वैध शराब दुकान पर राजनीति करने अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर खुलने वाले वैध शराब दुकानों का विरोध करवा रहे है। वैध अवैध शराब दुकान की बात करने वाले भूपेश बघेल और उनके कार्यर्ताओ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले कांग्रेसियों के मुंह से ये बातें शोभा नही देती। जिनके आका ने अपनी सत्ता रहते पूरे पांच साल तक नकली होलो ग्राम लगवाकर शासकीय शराब दुकानों से ही आधी सरकारी और आधी अवैध शराब बिकवाकर ना सिर्फ अपनी तिजोरियां भरी अपितु छत्तीसगढ़ के खजाने को खूब लुटा और छत्तीसगढ़ियों के साथ गददारी की, जिसकी पूरी जांच अभी बाकी है। हर्षा चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि ये वहीं भुपेश बघेल है जिन्होंने 2018 चुनाव के पूर्व अपने घोषणापत्र में पूर्ण शराबबंदी के वादा किया था। परंतु जैसे ही इनकी सरकार बनी जनता से किये वादे को भूल गए, जनता के साथ भयकर विश्वासघात किये। ये कांग्रेसी भूल गए है कि अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में करोना काल मे लॉकडाउन के समय जब पूरे आसपास की सारी शराब दुकाने बंद थी तब इकलौता पाटन क्षेत्र की जामगांव एम की शराब दुकान खुली थी। जंहा पर प्रतिदिन लगभग दस हजार की भीड़ हुआ करती थी तब क्या इन कांग्रेसियों के आंख में पट्टी बंधी थी या इनको रतौंधी हो गई थी और जब हमने तत्कालीन समय मे इस शराब दुकान को बंद करने के लिए धरना कर विरोध किये तो तत्कालीन मुख्यमंत्री एव कांग्रेसियों ने मिलकर मेरे साथ मेरे अन्य 13 साथियों के ऊपर फर्जी रूप से डकैती का धारा लगवाया तब ये कांग्रेसी क्या कान में रुई डालकर सोये थे तब इन कांग्रेसियों ने अपने आका का क्यो विरोध नही किया कि एक महिला जो सम्मानित जनप्रतिनिधि है जो कि दुकान के आसपास कंही है ही नही वो कैसे शराब की डकैती कर सकती है। हर्षा चंद्राकर ने आगे कहा कि पुर्ण शराबबंदी का वादा करने वाले कांग्रेसी उस समय कँहा थे जब कॅरोना काल मे इनकी सरकार ने आनलाइन शराब बेचकर घर घर शराब पहुंचाने का काम कर रही थी। ये उस समय कहां थे जब सरकार पूरे छत्तीसगढ़ में सैकड़ों की संख्या में प्रीमियम शराब की दुकान खोल रही थी। इन्ही वादाखिलाफी के कारण जब जनता ने इनकी सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया तब इनकी नींद खुली क्या। अब इनकी कान से रुई निकली और अब जनता को बरगलाकर ओछी राजनीति करने लग गए है। जनता में इतनी पावर है कि वो खुद ही अपने हर समस्या का हल करने में सक्षम है उन्हें कांग्रेसियों की तरह दोगलो की आवश्यकता नही है। इन मामलों में कांग्रेसी राजनीति न करें। भाजपा सरकार एव दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रयास ने जिस प्रकार से अमलेश्वर में खुलने वाले शराब दुकान को बंद करवा कर हल निकाल दिया है, वैसे ही असोगा में खुलने वाले शराब दुकान का भी हल निकाल ही लेंगे।

# मेघा पालक बैठक और न्योता भोज मे पालकों के साथ शामिल हुए प्राचार्य जे के घृतलहरे



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शासन के आदेश अनुसार मेघा पालक बैठक 5 अक्टूबर 2024 को शाला स्तरीय का आयोजन किया गया। तथा सभी शिक्षकों के सहयोग से न्योता भोजन का भी आयोजन किया गया। पालक बैठक में पालको को बच्चों के त्रैमासिक परीक्षा फल से अवगत कराया गया। संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे द्वारा पालक शिक्षक बैठक के उद्देश्य को बताया एवं उनसे बच्चों के रिजल्ट के बारे में चर्चा की गई। बैठक में 12 एजेंडा जैसे मेरा कोना, छात्र दिनचर्या आज क्या सीखा, बस्ताविहीन शनिवार, बच्चा बेहिचक बोलेगा जैसे मुद्दो पर चर्चा की गई। शिक्षिका रेणुका अग्रवाल ने पालको को प्रेरित किया कि वह बच्चों अधिक से अधिक समय दें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे एवं संस्था की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने मिलकर न्योता भोजन का आयोजन करवाया। जिसमें सेवई खीर पुरी सब्जी सलाद पापड़ आदि बच्चो व पालको को खिलाया गया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने भी बच्चों को अपने हाथो से भोजन परोसा एवं पालको और बच्चों से उनकी पढ़ाई पर चर्चा की। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे विद्यावती कोहले, रेणुका अग्रवाल, अलका वासनिक, लक्ष्मी पांडे, सुनीता बंजारे, देवकी साहू, लक्ष्मी साहू, रोहिणी साहू, प्रेमलता मिश्रा, विद्या श्रीवास्तव, चेतन कुमार देवांगन संतोष कुमार यादव उपस्थित रहे।

# रामचंद्र जी मूर्ति मंदिर के भूमि रजिस्ट्री के क्रेता विक्रेता सहित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम मजगांव में स्थित रामचंद्र जी मूर्ति मंदिर के भूमि रजिस्ट्री को शून्य करते हुए संबंधित क्रेता विक्रेता एवं संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया गया। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि ग्राम मजगांव में स्थित रामचंद्र जी मंदिर का विक्रय का मामला सामने है जिसमे बिना कलेक्टर के अनुमति के मंदिर का भूमि में विक्रय प्रावधान नहीं है लेकिन कलेक्टर से अनुमति लिए बिना ही क्रय विक्रय करके जनमानस की भावना को ठेस पहुंचाया गया है। सन 2020 में खरीदे हुए जमीन को फिर से बिक्री किया गया है। मजगांव मामले में कलेक्टर ने दो पटवारी को निलंबित कर दिया है, जबकि इसमें बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई होना था। जिसमें तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने इस मामले पर मांग करते हुए कहा है कि रजिस्ट्री को शून्य किया जाए। क्रेता विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज हो, दूसरा जो अधिकारी दोषी है उस पर भी कार्यवाही हो, साथ ही कांग्रेस के द्वारा इस मामले पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, साथ ही इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नेतृत्व में इस संबंध में कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की मांग किया जाएगा। पूर्व विधायक छाबड़ा ने बताया ग्राम मजगांव तहसील जिला बेमेतरा के खसरा नं. 465 रकबा 1.66 हे. लगभग साढे चार एकड़ भूमि को भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी ने अपनी पत्नि प्रभा माहेश्वरी के नाम से यह जानते हुए खरीदी है, कि वह भूमि भगवान श्रीरामचंद्र जी मुर्ति मंदिर की सम्पत्ति है, और वह सार्वजनिक न्यास की भूमि है। जब ग्राम मजगांव की यह भूमि बेची जा रही थी तो वहां के पटवारी भाजपा पार्षद का सगा भाई कुंदन सिंह राजपूत पटवारी था। जो श्रीरामचंद्र जी मुर्ति मंदिर के भूमि का नक्शा, खसरा, बी-1 को उपलब्ध कराया है, जिसे प्रांरभिक रूप से कलेक्टर ने भी ग्रामवासियों की शिकायत में की गई जाँच में सही पाया है, और उसे 04/10/2024 को शिकायत करने के बाद अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया है, साथ एक अन्य पटवारी को भी निलंबित किया है। वहीं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के लोग है, जो कुछ दिन चुनाव से पूर्व श्रीराम मंदिर जमीन मामले में मुझे बिना किसी तथ्य, सबुत के चुनावी फायदा लेने के लिए बदनाम करने में लगे हुए थे। जबकि मैने उस समय भी कहा था और आज भी कह रहा हूँ कि मुझे या मेरे परिवार को भगवान श्रीराम मंदिर के जमीन से कोई लेना देना नहीं। मैने अपने विधायक पद पर रहते हुए ही दो बार कलेक्टर से इस प्रकरण की गंभीरता से जाँच करने व दोषियो पर कठोर कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जाँच समिति भी बनाई गई। सरकार बदलने के बाद आज तक भाजपा नेताओं के दबाव में उस जॉच कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। भाजपा नेता और उसके अनुषांगिक संगठन विश्व हिन्दु परिषद के नेता जो मेरे विरूद्ध षडयंत्र के समय धरना प्रदर्शन में बैठे थे चाहे वह पार्षद हो या विश्व हिन्दु परिषद के पदाधिकारी हो, ये सभी इस प्रकरण में चुप्पी साधे क्यों बैठे है, जबकि पार्षद पूर्व में गांधी मैदान में आमरन अनशन में बैठी थी। चार एकड़ 15 डिसमील भूमि को कुल बाजार मूल्य ग्यारह लाख बैसठ हजार पांच सौ रू. (1162500/-) में बेचा गया है, जबकि उस जमीन का वास्तविक मूल्य करोडो में है, इस तरह भाजपा नेता द्वारा करोड़ो की जमीन को पानी के मोल खरीदा गया है, तथा शासन को रजिस्ट्री शुल्क में बट्टा लगाया गया है। साथ ही साथ यह भी बताना चाहूंगा कि विक्रय की राशि श्रीराम चंद्र मुर्ति मंदिर के खाते में भी नहीं गई है, सर्वराकार को व्यक्तिगत लाभ के लिए भाजपा नेता ने यह राशि दी है। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वस्त सूत्रो से जानकारी मिली है आनन-फानन मे इस भूमि को करोड़ो में एक स्थानीय भाजपा नेता को जमीन बेच दी है, जिसका रजिस्ट्री प्रक्रिया हो चुकी है, किन्तु अब तक पंजीयन क्रमांक प्रदान नहीं किया गया है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मैं शासन से यह मांग करता हूँ, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति बेमेतरा में गैर राजनैतिक धर्म क्षेत्र में योगदान देने वाले तथा समाजिक क्षेत्रो में योगदान देने वाले लोगो को श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति बेमेतरा में सदस्य के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।


**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक / /वा/तह./2024

खरोरा, दिनांकः-01/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक खुबीराम नशीने पिता स्व. रामसहाय नशीने निवासी ग्राम सिर्री खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है कि ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 242/1, 244, 246, 249 का रकबा क्रमशः 13.9210, 0.793, 1.275, 15.058 कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 31.047 हे. भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में रामस्वरूप पिता बलीराम, देरहा, शोभाराम दोनों पिता कोड्रा, कंवली, चरणनारायण, भूखन, घुनहा, परदेशी, बोधी, मनबोधी, कुल पिता कृषकलाल के नाम पर शामिल खाता में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित सहखातेदार रामस्वरूप पिता बलीराम की मृत्यु दिनांक 10/08/1980 को हो जाने से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर, मृतक के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज कर शेष सहखातेदारों का नाम यथावत रखे जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 24/10/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा









# ढाई लाख दर्शनार्थी जुटे, वीआईपी के लिए भीड़ को रोका
# गर्मी में बेहोश होकर गिरने लगे लोग... महिला ने दम तोड़ा

## महिला दर्शनार्थी की मौत, पूरी रात लगा रहा दर्शनार्थियों का रेला, नई व्यवस्था बनाने में जुटा प्रशासन

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन यानी शनिवार की रात करीब ढाई से तीन घंटे वीआईपी दर्शन के चलते मां बम्लेश्वरी के छिरपानी प्रांगण में भीड़ बढ़ने पर लोग दम घुटने से बेहोश होने लगे। वहीं जमा भीड़ के बीच मौजूद एक महिला की मौत हो गई है। प्रशासन ने महिला की मौत को दम घुटने से होना बताया है।

दरअसल, काफी देर तक श्रद्धालुओं को छिरपानी प्रांगण में ही रोक दिया गया। इसके चलते बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ जमा हो गई। अवकाश होने की वजह से क्षमता से अधिक श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचे थे। इन्हें नियंत्रित कर पाना भी पुलिस के लिए चुनौती साबित हुआ। इस बीच भीड़ में ही शामिल धमतरी की एक महिला बेहोश होकर गिर गई। उसे जैसे तैसे भीड़ से निकाला गया। महिला को रविवार की सुबह करीब 5 बजे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रशासन इस मौत की वजह दम घुटना बता रहा है। जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि, कई लोग दमघुटने से फर्श पर पड़े हुए हैं। इनमें मृतक महिला भी शामिल है। भीड़ से जैसे-तैसे घुटन से बेहोश हो रहे लोगों को बाहर निकाला गया। आसपास के लोग इनकी मदद कर रहे थे। जिस महिला की मौत हुई है वह फर्श पर पड़ी हुई थी। लोगों ने उसकी नब्ज टटोली और फिर उसे अस्पताल ले जाया गया। तब तक रविवार की सुबह के 5 बज चुके थे। अस्पताल में ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला का पीएम करवाया गया। प्रशासन ने रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है। इधर, प्रशासन पूरा दिन मंदिर में घटी घटना को लेकर अलर्ट पर रहा। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट किया कि किसी तरह की भगदड़ की स्थिति नहीं रही। हालांकि पूरी घटना को भीड़ नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ी चूक और लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों को लेकर प्रशासन ने किसी तरह की तैयारी नहीं की थी। स्थिति को संभालने प्रशासन ने दावा किया है कि, शनिवार की रात क्षमता से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच गए। जबकि इस पक्ष को लेकर यह बात सामने आ रही है कि, अगर दर्शनार्थियों को लगातार आगे बढ़ने दिया जाता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। काफी देर तक छिरपानी प्रांगण में दर्शनार्थियों को रोके जाने से तादाद बढ़ती चली गई। इस बीच ही लोग की तबीयत बिगड़ने लगी। कईयों को बेहोशी और चक्कर की शिकायतों के बाद भीड़ से जैसे तैसे बाहर निकाला गया। मौके पर मेडिकल इमरजेंसी के लिए मौजूद स्टॉफ को भी पहुंचने में वक्त लगा।

बताया जा रहा है कि, शनिवार-रविवार के दरम्यानी रात छिरपानी में तीन बैरिकेट्स टूटे हैं। भीड़ का दबाव इतना ज्यादा था कि लगातार धक्का-मुक्की के हालात बन रहे थे। जवानों की तैनाती कम साबित होती रही और व्यवस्था बिगड़ती गई।

### 11.30 बजे से रुकी रही कतार

शनिवार की देर रात नवरात्र के तीसरे दिन पूर्व मंत्री अपने काफिले के साथ मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचे थे। उनके वीआईपी दर्शन के चलते रात 11.30 बजे से करीब एक घंटे तक विशेष पूजा के दौरान दर्शनार्थियों की कतार को रोक दिया गया था। बड़े दलबल के साथ आए पूर्व मंत्री के दर्शन में काफी वक्त लगा। इस बीच छिरपानी में क्षमता से अधिक लोग जुटते गए और इसके चलते ही दर्शनार्थियों की स्थिति बिगड़ती गई।

### छग-महाराष्ट्र की सीमा पर जाम

नवरात्र के चौथे दिन रविवार को महाराष्ट्र -छत्तीसगढ़ की सीमा पर जाम की स्थिति बन गई। बागनदी से राजनांदगांव के बीच कई घंटे लंबा जाम लगा रहा। पुलिस ने डोंगरगढ़ में बढ़ते दबाव को देखते हुए चिचोला से डोंगरगढ़ मार्ग में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। दूसरे रुट्स पर भी पुलिस व्यवस्था चौकस कर दी गई है।

### अवकाश के दिन बड़ी चूक

इस पूरी घटना को प्रशासनिक और ट्रस्ट की बड़ी चूक के तौर पर देखा जा रहा है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए न सिर्फ जिले के आसपास बल्कि दूसरे प्रदेशों से भी लोग पहुंचते हैं। दूरदराज से श्रद्धालु बड़ी तादाद में दर्शन के लिए यहां आते हैं। इस बीच शनिवार-रविवार के अवकाश के चलते यहां बड़ी भीड़ जुटी हुई है। इसे नज़र अंदाज करते हुए जिस तरह दर्शनार्थियों की कतारों को रोका गया वह ही बड़ी घटना का कारण बना।

### प्रशासन ने सहयोग की अपील की

घटना के बाद जिला प्रशासन ने अपील भी जारी की है। इसमें श्रद्धालुओं से सहयोग करने का उल्लेख है। भीड़ की अधिकता को देखते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से यह अपील की गई है कि भीड़ में बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को पहले जाने का अवसर दें और भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें।

## परिवार के साथ आई थी, भीड़ में फंसी और फिर फर्श में दम तोड़ा

### रायपुर से ऑटो में पहुंचा था परिवार, शव लेकर लौटा



**राजनांदगांव।** शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात डोंगरगढ़ में दर्शनार्थियों की भीड़ में बेहोश हुई 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद प्रशासन अलर्ट पर है। प्रशासन ने मौत की पुष्टि की है लेकिन मंदिर परिसर में किसी तरह की भगदड़ से इंकार किया है। घटना के बाद का जो विडियो सामने आया है उसमें मृतक महिला फर्श पर पड़ी नज़र आ रही है और इसके साथ ही कई और लोग भी दिख रहे हैं। धमतरी के करीब ग्राम बागतराई निवासी मदनलाल साहू का परिवार रायपुर से गांव वालों के साथ डोंगरगढ़ आया हुआ था। वे ऑटो से यहां पहुंचे थे। इस बीच 5-6 अक्टूबर की दरम्यानी रात पहाड़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए छिरपानी में लगी कतार में शामिल मदन की पत्नी सोनिया साहू (35) बेहोश होकर गिर पड़ी। लोगों ने मिलकर उसे भीड़ से बाहर निकाला और मदद की कोशिश की लेकिन महिला ने आंखे नहीं खोली। आसपास मौजूद कुछ लोगों ने उसकी नब्ज भी टटोली। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने सोनिया साहू को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मदनलाल साहू रायपुर में रहकर ऑटो चलाता है। शुक्रवार को पूरा परिवार अपने गांव से वापस रायपुर लौटा थे। शनिवार को वह अपने परिवार एवं गांव के कुछ लोगों के साथ ऑटो में रायपुर से मंदिर दर्शन के लिए गया हुआ था। तभी यह हादसा हो गया। सुबह-सुबह सोनिया के भाई को फोन से सूचना मिली तो गांव में यह जानकारी मिली। डोंगरगढ़ में सुबह ही मृतक महिला का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया जिसके बाद गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। इधर, घटना को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, रविवार की सुबह दर्शन हेतु आई एक महिला की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि, प्रारंभिक तौर पर यह भीड़ में दम घुटने जैसा प्रकरण दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## अज्ञात लोगों ने थ्रेसर मशीन को किया आग के हवाले



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शिवनाथ नदी से सटे भंवरमरा में एक थ्रेसर मशीन को अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। थ्रेसर मशीन के मालिक गांव के सरपंच हैं। उनकी शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक भंवरमरा की महिला सरपंच प्रेमलता साहू के पति के पास थ्रेसर मशीन है। सरपंच पति धर्मेन्द्र साहू के मालिकाना हक वाली इस मशीन को बीती रात अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। जिसके चलते थ्रेसर मशीन के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। जिसमें प्रमुख रूप से टायर और अन्य सामान शामिल हैं। इस तरह थ्रेसर मशीन जलने से डेढ़ से दो लाख रुपए का नुकसान होने अंदेशा है। बताया जा रहा है कि यह घटना गांव की अंदरूनी गुटबाजी से जुड़ा हो सकता है। पुलिस अलग-अलग बिन्दुओं के आधार पर जांच कर रही है।

## 390 पौवा शराब के साथ बरामद हुए चाकू, चार गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगांव पुलिस ने दो बाइक सवारो से 390 पौवा देशी शराब बरामद की है। बड़ी बात यह कि यह शराब छग की शासकीय शराब दुकान से ही लेकर तस्करी की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। नाबालिग के कब्जे से ही पुलिस ने बटनवाला चाकू भी बरामद किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने जानकारी दी कि मुखबिर की सूचना पर डोंगरगांव के सरस्वती शिशु मंदिर के पास आरोपियों के लिए घेराबंदी की गई थी। बाइक सवारों के यहां पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। दो बाइक सवार बोरियों में शराब ले जा रहे थे। उनके कब्जे से 390 पौवा देशी प्लेन शराब युनिक छग निर्मित लिखा हुआ बरामद किया गया है। जबकि आरोपियों के पास से एक चाकू भी मिला है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपेश राजपूत (28), शुभम गजभिये (24) और मयंक सोनटेके (24) शामिल हैं। एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर उसे अभिरक्षा मे लिया गया है।

## मदनवाड़ा में धान खरीदी केंद्र की मांग

**मानपुर।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड के ग्रामीणजनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से मुलाकात की। मानपुर के युवा भाजपा नेता प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य गनपत चांडक (डब्बू) के नेतृत्व में ग्राम मदनवाड़ा, हरेली, कलवर के सरपंच श्रीराम तुलावी, अमरु वड्डे एवं ग्राम पटेल, पंच और ग्रामीणजनों के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर मदनवाड़ा में धान खरीदी केंद्र स्थापित करने के लिए निवेदन किया। ग्रामीणों की मांग पर सिंह ने आश्वासन दिया है कि आप की सभी मांग जल्द से जल्द पूरी की जाएगी।

## सायबर क्राइम से बचने व नशे से दूर रहने की ताकीद

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस राजनांदगाँव के निर्देशन में डोंगरगांव थाना क्षेत्रातर्गत सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान का आगाज हुआ। डोंगरगांव पुलिस द्वारा पखवाड़ा अंतर्गत भारतीय पब्लिक स्कूल में अभियान के प्रचार प्रसार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 स्कूली बच्चे सहित टीचर्स को सायबर क्राइम व नशे से दूर रहने सुझाव दिए गए।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस द्वारा सायबर क्राईम, सायबर ठगी की रोकथाम एवं सायबर क्राईम के बचाव हेतु सोशल मिडिया, फेसबुक इंस्टाग्राम, टिवटर का सावधानी पूर्वक अपने माता पिता की उपस्थिति में ही उपयोग करने व उनसे होने वाले साइबर फ्राड से बचने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। नशा उन्मुलन के तहत धुम्रपान से दूर रहने एवं सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु वाहन चलाते समय यातायात सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान में थाना डोंगरगांव प्रभारी उपेन्द्र कुमार, सउनि ईश्वर यादव, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख, महिला आरक्षक भूमिका यादव ने सराहनीय भूमिका निभाई। अंत में स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस विभाग को जागरूकतापरक आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सभी पात्र हिग्राहियों को मिलेगा आवास, परेशान ना हों : नोमेश वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश मे विष्णुदेव सरकार द्वारा 17 सितम्बर को छत्तीसगढ़ मे प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) का शुभारम्भ किया गया है। वर्ष 2019-20 मे पात्र रहे हितग्राहियो को ग्राम पंचायत द्वारा पुनः पात्र करके आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरपंच संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष नोमेश वर्मा ने कहा की लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण क्षेत्र मे गरीबो का पक्के मकान मे रहने का सपना पूरा हो रहा और गरीबो के पक्के मकान का सपना को साकार करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। वर्मा ने बताया कि, आवास और आवास प्लस सूची मे जितने हितग्राहियो का नाम है और वह पात्र है तो उनको घबराने या भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जल्द उनको भी आवास की स्वीकृति मिलेगा। वह गरीब परिवार जिनका नाम किसी कारण से आवश्यकता प्लस सूची में नहीं है और वह पात्र हैं तो उनको भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया है कि सूची मे नाम से वंचित परिवार का भी नाम जल्द आवास प्लस सूची मे जोड़ा जायेगा और वह भी आवास से वंचित नहीं होगा। आगे अध्यक्ष वर्मा ने बताया की पात्र ऐसे लोग जो पात्र है और सूची मे नाम नहीं है तो ऐसे लोग अपने ग्राम पंचायत मे आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा की आवास के लिए किसी भी प्रकार का कोई राशि किसी भी प्रकार से देने की जरूरत नहीं है और आवास योजना मे नाम दर्ज कर स्वीकृति करने हेतु किसी भी प्रकार से कोई कॉल नहीं करता और ना ही कोई लिंक को खोले क्योंकि आवास का लाभ देने के नाम से भी धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी भी चल रहा है और कुछ लोग इसके शिकार भी हुए है।

## सांसद संतोष पाण्डेय ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत

# मेजबान दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल, हॉकी के साथ ही शंतरंज, तैराकी, वाटर पोलो एवं बेशबॉल में पदक जीत कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने की। सांसद संतोष पाण्डेय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे समय अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे है, जब शक्ति का पर्व चल रहा है और आपने भी पूरी शक्ति लगाकर अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भी शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाडियों के प्रति हमेशा सजग रहते है। खिलाडियों से चर्चा करते है और उनके साथ हमेशा खेलों के विकास के लिए भी सुझाव मांगते है। प्रधानमंत्री खिलाडियों का हौसला बढ़ाते रहते है, जिससे देश खेल क्षेत्र में भी पदक विजेता बनते जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि खिलाड़ी को थकना, रूकना व झुकना नहीं चाहिए। खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहकर शिक्षा के साथ खेल में भी हिस्सा लेना चाहिए, जिससे उनका उत्साह दुगना हो सके। इस अवसर पर 5 संभागों के आए प्रतिभागियों ने वाईडनर स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैण्ड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट करते हुए सलामी दी। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर रही। इसी वर्ग की बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रहीं। बॉस्केटबॉल बालक 19 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर एवं बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर की टीम रही। बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग एवं बेसबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। हॉकी 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं हॉकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही। वाटर पोलो बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा की टीम रही। तैराकी बालक 14 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग तथा तैराकी बालक 17 वर्ष प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। तैराकी 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय रायपुर तथा तैराकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही।





शंतरज बालक 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं शंतरज बालिका 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बस्तर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 17 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 17 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 19 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 19 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही। इसके साथ ही मेजबान दुर्ग संभाग को सभी खेलों में पदक प्राप्त करने के चलते ओवर ऑल चैम्पियनशिप का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया।

## वीरगाथा पर विद्यार्थियों द्वारा कविता रचना व पेंटिंग



**डोंगरगांव नगर।** ब्लॉक के ग्राम चिचदो के शासकीय प्राथमिक शाला में वीरगाथा अंतर्गत बच्चों को कविता निबंध, कहानी व चित्र लेखन की गतिविधि कराई गई। विद्यार्थियों द्वारा 5 अक्टूबर शनिवार को वीर जवानों के संबंध में मेरे आदर्श, वीरता पुरस्कार विजेता, बलिदानी पुरुष से संबंधित कहानी व कविता की रचना की गई। वहीं महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन गाथा पर चर्चा हुई। इस आयोजन पर साला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गणेश्वरी कंवर, उपाध्यक्ष अशोक साहू, यशोदा साहू पालक समिति के अन्य सदस्यगण व शिक्षाकगण उपस्थित थे। शाला की शिक्षिका कोनिका सोनी के द्वारा चित्र प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सोनी ने बताया कि इस वीर गाथा कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे शहीद हुए वीर जवानों के बारे में बच्चों को जानकारी देना और देश भक्ति के लिए प्रेरित करना है।

# जशपुर शहर की तीसरी आंख बंद....महाराजा चौक का कैमरा खंभा समेत गायब, बिरसामुंडा चौक का खराब

## त्यौहारी सीजन शुरू होते ही शहर के बीच से 1.40 लाख की उठाईगिरी, सुरक्षा जरूरी

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






इन दिनों असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए दुकान और मकान में तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरा जिम्मेदार और जागरूक लोगों के द्वारा लगाया जा रहा है। गैर जागरूक और गैर जिम्मेदार व्यापारी और आम आदमी अब भी इस आवश्यक उपकरण को लेकर सजग नहीं है। यही वजह है कि घटना हो जाने के बाद पुलिसिया तफ्तीश के दौरान जांच अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दिक्कत से बचने के लिए तत्कालीन एसपी विजय अग्रवाल के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से कुछ साल पहले जिला मुख्यालय जशपुर के प्रमुख चौक चौराहों में शासकीय खर्च से तीसरी आंख यानि उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। इसके लिए पूरा सेटअप सिटी कोतवाली में स्थापित भी किया गया था। लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं और शहर के भीतर आने-जाने वालों का डिजीटल रिकॉर्ड पुलिस के पास उपलब्ध नहीं है।

**महाराजा चौक से खंभा समेत गायब**-जिला मुख्यालय के सबसे प्रमुख चौक में शामिल महाराजा चौक में हाई डेफिनेशन एचडी क्वालिटी का बुलेट कैमरा लगाया गया था। कैमरा लगाने के लिए चौक के किनारे एक लोहे का खंभा भी लगाया गया था। लेकिन इन दिनों चौक में न ही कैमरे हैं और न ही खंभा है। इस संबंध में चौक के आसपास के दुकानदारों से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि वाहनों की ठोकर से कैमरे का खंभा टूट गया और कैमरे भी गायब हो गए। उसे चौक के लोहे की बाउंड्री के भीतर स्थापित करने पर ही उसे बचाया जा सकता है।

**बिरसामुंडा चौक में जमीन में कैमरे की नजर** -शहर के दूसरे सबसे प्रमुख और व्यस्ततम् चौक में शामिल नगर पालिका के पास स्थित बिरसामुंडा चौक में भी एचडी बुलेट कैमरा लगाया गया है। यहां चार कैमरों में एक प्रमुख कैमरे की नजर इन दिनों जमीन की ओर झुकी हुई है। कैमरा पुरी तरह से बंद पड़ा है। मेंटेनेंस के अभाव में कैमरे बंद पड़े हैं।

**शासकीय कर्मचारी उठाईगिरी का शिकार**-3 अक्टूबर को पशु चिकित्सा विभाग के फील्ड अधिकारी रोहित यादव उठाई गिरी के शिकार हो गए। बैंक में पैसा जमा करने निकले रोहित यादव की खड़ी बाईक में टंगे बैग को किसी चोर ने पार कर दिया। रोहित यादव के मुताबिक उनके बैग में 1 लाख 40 हजार रुपए नगद थे। पुलिस भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

> अंबिकापुर से टीम बुलाकर सभी कैमरों को दुरूस्त कराया जा रहा है। जहां टूट गए हैं वहां फिर से लगाया जाएगा। मैं जांच करा रहा हूं।
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# सन्ना तहसील का नवनिर्मित कार्यालय भवन का विधायक रायमुनी भगत ने किया उदघाटन

## कार्यालय खुल जाने से ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनी भगत के मुख्य आतिथ्य पर सन्ना में तहसील कार्यालय का शुभारंभ रविवार को किया गया, जशपुर विधायक ने यहां विधिवत फीता काट तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि सन्ना में क्षेत्रवासियों की बहु प्रतीक्षित मांग तहसील कार्यालय का दोपहर जशपुर विधायक के हाथों उद्घाटन किया गया।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटा और सभी नवनिर्मित तहसील कार्यालय के अंदर प्रवेश किये।इस दौरान अपने संबोधन में जशपुर विधायक ने कहा कि विष्णु सुशासन में चारों तरफ विकास कार्य तेजी से हो रहा है,डबल इंजन की सरकार लगातार विकास कार्यों में गति लाने हर संभव प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज यहां तहसील कार्यालय का निर्माण पूरा होने के बाद विधिवत इसका उद्घाटन किया गया है।तहसील कार्यालय यहां खुल जाने से निश्चित ही क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। विधायक भगत ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जल्द ही यहां के लोगों को राजस्व संबंधित मामले में पूर्ण सर्वसुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। विधायक ने कहा कि तहसील कार्यालय के खुल जाने के बाद अब यहां के लोगों को अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं है। विष्णु सरकार सभी लोगों के बारे में सोच लगातार कार्य कर रही है आने वाले दिनों में और भी विकास कार्य यहां तेजी से होंगे। इस दौरान एसडीएम बगीचा, तहसीलदार, पटवारी, शंकर गुप्ता, कृपाशंकर भगत,सरजू यादव, विष्णदेव यादव, रामस्वरूप यादव, पूतल, काजल राय, गुड्डा, इलियास, आशुतोष राय, कमला, हरिशंकर यादव, देवलाल भगत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# आश्वासन के पश्चात शासकीय राशन दुकानदारों ने अपना हड़ताल समाप्त कर राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के 15 हज़ार शासकीय राशन दुकानदारों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 अक्टूबर से प्रदेश स्तरीय धरना प्रर्दशन कर रहे थे जो कि सचिवालय के आश्वासन के बाद धरना प्रर्दशन समाप्त किया गया। जिन छः सूत्रिय मांगो को लेकर दुकानदार घरने पर बैठे थे उसमें राज्य के सभी दुकानों में इलेक्ट्रानिक वजन मशीन ट्रायल में ई पास मशीन से वितरण कार्य के लिए बाध्य किया गया था , विगत 5 माह से राशन का आबंटन में अनियमितता बरती जा रही थी जिस वजह से भंडारण की समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसके कारण दुकानदार व उपभोक्ता के बीच बेवजह वाद विवाद की स्थिती पैदा होना । दुकानदार को समय पर बारदाना की राशि मार्जिन राशि आदि का भुगतान नहीं होता था, राशन भंडारण में गड़बड़ी के कारण ई पास मशीन एवं इलेक्ट्रानिक वजन मशीन से कनेक्टिविटी कराने की मांग, राशन वितरण के अलावा अन्य कार्य कराने पर अतिरिक्त पारिश्रमिक भुगतान की मांग, कोरोना काल में दुकानदार से डी डी राशि जमा कराया गया था उसे शीघ्र लौटने आदि मुख्य बिंदुओं को लेकर शासकीय राशन दुकानदारों ने हड़ताल किया था जिसको आज सचिवालय के आश्वासन पर की आप लोगों की मांगों को अतिशीघ्र पूरा किया जायेगा, उक्त आश्वासन के पश्चात शासकीय राशन दुकानदारों ने अपना हड़ताल समाप्त कर राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# स्वछता शपथ, रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण, निबंध, मानव श्रृंखला, स्वछता रैली, व्याख्यान, नाटक प्रतियोगिता आयोजित कर जागरूकता प्रसारित की

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com




भारत सरकार युवा एवम खेल मंत्रालय नई दिल्ली, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय बिलासपुर, एवम प्राचार्य प्रो एस के तिवारी के मार्गदर्शन तथा निर्देशानुसार स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत डा ज्वाला प्रसाद मिश्र शास विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे स्वछता शपथ, रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण, निबंध, मानव श्रृंखला, स्वछता रैली, व्याख्यान, नाटक,आदि, प्रतियोगिता आयोजित कर जागरूकता प्रसारित की गई, साथ ही श्रमदान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर, गार्डन, बरामदा, प्रयोगशाला,खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र, गली, में साफसफाई की गई, विशेष सफ़ाई अभियान के तहत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, नगरपालिका पुष्पवातिका, बिलासपुर मुख्य मार्ग, कलेक्टर निवास के सामने, मेगा इवेंट में आगर नदी के किनारे की सफाई की गई, यह कार्यक्रम जिला संगठक रासेयोएन के पुरले, कार्यक्रम अधिकारी प्रो सुरेश कुमार भारती के नेतृत्व में किया गया,स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार माय भारत का लोगो युक्त टोपी,नोटबुक, पेन वितरित की गई तथा सम्मानित किए गए इस अवसर पर मान. जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्वयं सेवक विनय ठाकुर, निक्किनाथ जोगी, लक्ष्मण, मनीष, खुशबू, रंजीता, नेहा, श्रेया, रोशनी, प्रियंका, अल्फा, धनराज, रामेश्वर, दुलार, दलनायक, स्टाफ प्रो के. अहमद, प्रो.मौर्य, सुनील उपाध्याय, राघवेन्द्र पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा , स्वछता ही सेवा इस महाअभियान के सफल आयोजन हेतु,कार्यक्रम अधिकारी प्रो सुरेश कुमार भारती ने सभी के उल्लेखनीय कार्य एवम योगदान हेतु धन्यवाद एवं आभार जताया। उक्त

# नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा ओपन जिम का लोकार्पण किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ एमसीबी
www.dailypioneer.com



जिले के मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा रोड वार्ड नंबर 16 रानी दुर्गावती वार्ड में कोरिया नीर के बगल से नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा ओपन जिम का लोकार्पण किया गया। इस नवनिर्मित ओपन जिम में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहर की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल , विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी एवं वार्ड नंबर 16 की पार्षद उषा यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही पीआईसी सदस्य व लोक निर्माण प्रभारी मोहम्मद हुसैन, सभी पार्षदगणों ने ओपन जिम पार्क का उद्घाटन किया। इस दौरान वार्ड पार्षद उषा यादव ने कहा कि वार्ड में ओपन जिम खोलने से वार्ड के इस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण हुआ है. शारीरिक व्यायाम के लिए नौ प्रकार की मशीन लगाई गई हैं जिसमें 15 प्रकार के एक्सरसाइज किया जा सकता है. जिससे आमजनों को शारीरिक व मानसिक रूप से इसका सीधा लाभ मिलेगा। जो कि हमारा एक सपना था जिसे पूरा करने में हमारी नपाध्यक्ष प्रभा पटेल जिन्होंने अपनी अध्यक्ष निधि से अनुशंसा कर हमारे इस सपने को पूरा किया है जिनका दिल से आभार व्यक्त करते है। नपाध्यक्ष ने कहा कि इस भागदौड़ वाली जिंदगी में लोग अपने आप को चिंता मुक्त रखने के लिए ओपन जिम आयेंगे, कसरत करेंगे और अपने शरीर को फिट बना सकेंगे इस ओपन जिम में हर वर्ग और हर उम्र के लोग यहां आकर वर्जिश कर फिटनेस स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।

# मैकल पर्वत श्रृंखला व अनेक जिलों में स्थित पर्यटन स्थलों में से एक है सेतगंगा धाम

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के कई ऐसे पर्यटन स्थल है जो श्रद्धालुओं का मन मोह लेते है यहाँ के पर्वत श्रृंखला नदी झरने अनायास ही लोगों कोअपनी ओर आकर्षित करते है बस्तर से लेकर मैकल पर्वत श्रृंखला व अनेक जिलों में स्तिथ पर्यटन स्थलों में से एक है सेतगंगा धाम....यहाँ के अद्वितीय रमणीय पुरातात्विक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक श्री रामजानकी मंदिर महामाया सिध्देश्वरी देवी का मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिये जाना जाता है यहाँ प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के पावन बेला पर पांच दिवसीय मेला का आयोजन भी होता है. पुरातात्विक धरोहरों और प्राकृतिक विविधताओं से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ का पर्यटन देश मे अपनी पहचान स्थापित करता जा रहा है यहाँ प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण अनेक स्मरणीय स्थलों के साथ साथ गौरवशाली अतीत और समृद्धि विरासत को संजोए अनेक पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व स्थल है जैसे कि शिरपुर में शैव वैष्णव बौद्ध और जैन संतो के सहअस्तित्व के पुरातात्विक प्रमाण है सरगुजा के रामगढ़ में सीता बेंगरा गुफा प्राचीनतम नाटकशाला बस्तर में चित्रकूट तीरथगढ़ के जलप्रपात कवर्धा जिले का भोरमदेव मंदिर मैकल पर्वत कुटुम्बसर के जलप्रपात अमरकंटक की पर्वत श्रृंखला अभ्यारण शिवरीनारायण राजिम मदकूद्वीप में प्राप्त द्वादशज्योतिर्लिंग तक पूरे छत्तीसगढ़ में अनेक स्थल पर्यटक के दृष्टि से विशेष महत्व के है .इसी कड़ी में मुंगेली जिले के अंतर्गत जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर की दूरी पर मुंगेली पंडरिया जबलपुर राष्ट्रीय मार्ग पर टेसुवा नदी के तट पर श्री रामजानकी मंदिर सेतगंगा स्तिथ है जो कि धार्मिक आस्था का परिचायक है जहाँ अनेक पर्वो में श्रद्धालुओं का आवागमन होते रहता है किवदंती है कि पंडरिया के तत्कालीन राजा दलसाय सिंग बहुत ही धार्मिक प्रतापी व दयालु प्रवृत्ति के थे वे अनेक पर्वों पर अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा कुंड में आस्था रूपी डुबकी लगाने जाया करते थे जब वे वृद्धावस्था में वहाँ जाने में असमर्थ हो गए तब वे हमेशा व्याकुल रहते थे एक दिन अचानक अर्धरात्रि को स्वप्नादेश हुआ कि हे राजन ...मैं तुम्हारी श्रद्धा भक्ति से काफी प्रसन्न हुँ मैं तुम्हारे ही राज्य के पूर्वी दिशा में प्राकट्य हो रही हूं तुम वहाँ जावो मंदिर और कुंड की स्थापना करो स्वप्नादेश पर राजा ने भोर काल मे ही अपने दल बल के साथ अपने ही राज्य के पूर्वी दिशा पर उदगम स्थल को ढूढने निकल पड़े उन्हें अपने ही राज्य के अंतिम छोर पर सेतगंगा में एक बुलबुला नुमा स्थल दिखाई दिया राजा ने कालांतर में उसी स्थल पर एक मंदिर व कुण्ड की स्थापना किये जहाँ एक छोटी सी बस्ती बसी जो श्वेतगंगा के नाम से जाना जाता है जिसका अभ्रंश नाम सेतगंगा है। आज पर्यन्त भक्तगण गाँव से नही जिले से नही अपितु प्रान्तों से भी अनेक पर्वो पर पूजा अर्चना करने एवं मन्नते मांगने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आवागमन करते हैं 2010/11 में सेतगंगा को पर्यटक स्थलों की श्रेणी में दर्जा दी गई है मन्दिर के पुजारी/ महंत श्री राधे श्याम जी ने बताया कि परिक्षेत्र के दान दाताओ ने मन्दिर में लगभग 35 एकड जमींन दान किये हैं शासन ने मन्दिर में 10/12 वर्ष में 60/70 लाख का विभिन्नविकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है साथ ही दान दाताओ ने लगभग 4 लाख रु की लागत से जीर्णोद्धार कार्य किये हैं।

# अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने रास गरबा महोत्सव का आयोजन नगर के सेंट जेवियर स्कूल में किया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के अवसर पर अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने रास गरबा महोत्सव का आयोजन नगर के सेंट जेवियर स्कूल में किया। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने झूम कर गरबा किया। अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा महोत्सव का आयोजन नगर के पंडरिया रोड स्थित सेंट जेवियर स्कूल के मैदान में किया गया। गरबा का शुभारंभ देवी आराधना व पूजा पाठ के साथ मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह एवं जिला न्यायालय के अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी,स्वतंत्र मिश्रा व समाज के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वयं गरबा कर महोत्सव का शुभारंभ किया। गरबा महोत्सव में शामिल हुई जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी निष्ठा पाण्डेय तिवारी,अपर कलेक्टर मेनका प्रधान व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पार्वती पटेल ने पं मनोज मिश्रा के निर्देशन में पूजा अर्चना कर गरबा नृत्य किया। इस अवसर पर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आयोजक अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति मुंगेली को उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में देव व देवी आराधना की अनेक पूजा पद्धतियां हैं। गीत संगीत एवं वाद्यों के माध्यम से देवताओं को प्रसन्न कर उनसे आशीर्वाद लेने की परंपरा रही है जिसमें गुजरात से निकला गरबा भी देवी आराधना का एक उत्कृष्ट माध्यम है यह देश के साथ ही पूरे विश्व मे किया जाने वाला नृत्य है। अपर कलेक्टर मेनका प्रधान व एसडीएम पार्वती पटेल,तहसीलदार कुणाल पाण्डेय ने भी आयोजकों को बधाई दी। गरबा महोत्सव में क्षेत्र की ख्याति लब्ध संस्था जो प्रत्येक वर्ष गरबा का आयोजन पिछले 9- 10 सालों से कर रही है उसके भी पदाधिकारियों ने स्वयं गरबा किया। गरबा महोत्सव में अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष चित्ररेखा तिवारी,राजकुमारी व मोहित मिश्रा, अमन आदि शामिल हो कर आयोजन को उत्कृष्टता प्रदान की। इसके अतिरिक्त पत्रकार योगेश शर्मा,प्रशांत शर्मा,भूपेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष पाठक भी शामिल हुए। साथ ही अल्फा पब्लिक स्कूल मुंगेली के संचालक आशीष तिवारी उपस्थित रहे। गरबा के निर्णायक नम्रता उपाध्याय,पारुल ओझा,निशा शुक्ला, सन्नी शुक्ला हैं। संचालन सुनील पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मंजुला शर्मा ने किया। अतिथियों को समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में उर्वशी पाठक, मंजुला शर्मा, कल्पना मिश्रा, रश्मि तिवारी, आराधना तिवारी, निधि पौराणिक, प्रतिमा पाण्डेय, ऋतु तिवारी, अनिता तिवारी, पूनम पाठक, रिंकी शुक्ला, रजनी पाठक, स्वीटी पाठक, रजनी तिवारी, नीशू मनोज मिश्रा, रानी मिश्रा, राजेश्वरी पाठक, अनिता पाण्डेय, प्रीति शर्मा, अमिता मिश्रा, संगीता दुबे, अपर्णा तिवारी, इंदु, रमा, उमा मिश्रा, नेहा शर्मा, सीमा तिवारी, प्रभा शर्मा तथा राजेन्द्र दुबे, देवेंद्र पाण्डेय, मनोज तिवारी, अवनीश तिवारी, वतन शर्मा, रविंद्र तिवारी, शशांक चैबे,सतीश पाठक, सचिन पाठक, आर्यन पाठक, अक्षत पाठक, कान्हा पाठक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पहले शालीनता से पूछताछ कर टटोल रही नब्ज, झूठ बोलने पर हो रही सख्त

# पुलिस के लिए चुनौती बने बदमाशों की कमर तोड़ने जेल रिटर्न के घरों तक दस्तक

पायनियर संवाददाता ◂ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



शहर में बढ़ती अपराधिक वारदातों को देखते हुए पुलिस, चुनौती बने बदमाशों और चोरों को खंगालने में लगी है। पुलिस उन सभी मोहल्ले, टोलों में जाकर ऐसे बदमाशों के घरों में दस्तक दे रही है, जिनकी गतिविधियां पूर्व से संदिग्ध रही हैं या फिर वे जेल रिटर्न हैं। बकायदा थाने लाकर इनकी परेड ली जा रही है। इनसे पूछताछ के साथ वर्तमान में चल रही गतिविधियों का डाटा संकलन किया जा रहा है। इनमें चोरी, मारपीट, रहजनी सहित विभिन्न मामलों में शामिल रहे आरोपी और संदेही शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित कुमार गर्ग और पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश कुमार के द्वारा त्योहारों के मद्देनजर सक्रिय रहने वाले अपराधियों के निगरानी की हिदायत जिले की पुलिस को दी गई है। इसके पालन में पुलिस टीम ऐसे सभी आरोपियों को खंगाल रही है। इसी क्रम में शहर कोतवाली पुलिस, गांधीनगर थाना पुलिस और मणिपुर थाना पुलिस भी अपने-अपने इलाके के नामचीन गुंडा, बदमाशों के घरों में दस्तक दे रही है, जो पूर्व में अपराधों में संलिप्त रहे हैं। न्यायिक अभिरक्षा में जाने और वहां से रिहा होने के बाद इनकी गतिविधियों का परीक्षण पूछताछ करके पुलिस कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया और पूछताछ करके इनसे जेल से छूटने के बाद की गतिविधियों के बारे में जाना। थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि पूछताछ के बाद सभी का नाम, पता और उनके द्वारा बताए गए कार्यों का ब्यौरा पुलिस ने अपने रिकार्ड में दर्ज किया है। जांच प्रक्रिया के दौरान अगर इनके द्वारा बताई गई बातों में भिन्नता पाई जाती है, तो पुलिस इनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने बताया शनिवार को एक दर्जन से अधिक लोगों को थाना तलब किया गया और सात लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पूछताछ के लिए ऐसे संदेहियों को थाने में लाया गया था, जो मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, लूट, छिनैती, वाहन चोरी जैसे अन्य मामलों में शामिल रहे हैं। इनका फिंगर प्रिंट भी लिया जा रहा है, जिससे शहर में हुई अन्य ऐसी वारदात जिसका पुलिस पर्दाफास नहीं कर पाई है, उसमें इनकी संलिप्तता का पता लगाया जा सके।

**तस्दीक में सहूलियत के लिए ले रहे फिंगरप्रिंट**-कोतवाली थाना के टीआई मनीष सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस अपने अभियान के तहत पूर्व में विभिन्न अपराधों में शामिल रहे जिन आरोपितों को थाने ला रही है, उनका फिंगर प्रिंट नैफिस साफ्टवेयर भी ले रही है। इनके फिंगरप्रिंट से अन्य घटित वारदातों में इनकी संलिप्तता तो नहीं, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। किसी अपराध में लिए गए फिंगर प्रिंट से इनमें से किसी के फिंगर का मिलान होता है, तो पुलिस को अपराध की गुत्थी सुलझाने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने इस साफ्टवेयर में अभी तक लगभग 600 लोगों का फिंगरप्रिंट लिया गया है। इस साफ्टवेयर में पूरे भारत के संदेही बदमाशों का फिंगरप्रिंट रहने से संबंधित थाना क्षेत्र में घटित अपराधों के तस्दीक में सहूलियत मिलेगी।

# एसडीएम ने झाड़ू तो आरआई ने घमेला पकड़ साफ सफाई व्यवस्था बनाने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



17 सितंबर से 1 अक्तूबर तक चली स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत् देवभोग के मुख्य मुख्य चौक पर एसडीएम तहसीलदार आरआई पटवारियों सहित तमाम राजस्व अमला काफी सादगी के साथ साफसफाई करते नगर वासियों को स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदेश दिया कही एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने झाड़ू पकड़ा रहा तो वहीं आरआई धनराज लांझेकर ने घमेला पकड़ गंदगी को फेंकते नज़र आए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के दौरान पटवारी शिवकुमार अंजली प्रधान मुकेश नेताम सहित पूरा राजस्व अमला अपने परिसर का सफाई इस बीच एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने कहा की जीवन के दिनचर्या में साफ़सफाई अतिआवश्यक है क्योंकि अव्यवस्था और गंदगी के चलते ही मलेरिया बुखार जैसे अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ता है कुछ कोरोना काल के दौरान जिस तरह लोगो ने जागरूकता का परिचय देते अपने घर मोहल्ला गांव में साफ़सफाई रखने के साथ बराबर हाथ धोने सहित अन्य सावधानी बरती रही ठीक उसी हमे वर्तमान में भी करना पड़ेगा तब कही जाकर स्वच्छ गांव ब्लॉक बना सकते है जिसमे सबकी भूमिका अनिवार्य होनी चाहिए इसलिए आगमी समय ऐसे स्वच्छता कार्यक्रम को व्यापक तौर पर आयोजन कराने की बात कही ताकि मजरा टोली सहित पुरे गांव में पहले तुलना वर्तमान में स्वच्छता को लेकर और भी अधिक जागरूकता आए।

# माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से हुए रूबरू उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## जवानों के साहस को सराहा और उनकी हौसला अफजाई की

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि एवं आदि विकास मंत्री रामविचार नेताम एवं वनमंत्री केदार कश्यप दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा के कारली स्थित रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में उप मुख्यमंत्री शर्मा एवं मंत्रीद्वय ने सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि बीते 04 अक्टूबर को दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नेन्दूर व थुलथुली में माओवादियों के विरूद्ध सुरक्षा बलों के जवानों ने माओवादियों से हुई मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस से 31 माओवादियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में पुलिस बलों द्वारा डीकेएसजेडसी, डीवीसी, पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के कई कैडर सहित 18 पुरुष एवं 13 महिला कुल 31 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। मारे गए माओवादियों में 25 लाख का इनामी डीकेएसजेडसी एवं पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल थी। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में से अब तक हुई 15 शिनाख्तगी में डीकेएसजेडसी के अलावा दो कैडर 8 लाख इनामी डीबीसीएम एवं 9 कैडर पीएलजीए कंपनी 6 माओवादियों भी शामिल है। इस घटना में 01 नग एलएमजी, 04 नग एके 47, 06 नग एसएलआर, 03 नग इन्सास, 2 नग थ्री नॉट थ्री सहित अन्य हथियार बरामद हुए।

# सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कालीबाड़ी चौक तक का मार्ग स्व. पण्डित हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग कहलायेगा : प्रमोद दुबे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी शहर रायपुर का सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कालीबाड़ी चौक का मार्ग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पण्डित हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग कहलायेगा। उनकी मधुर पुण्य स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने सरयूपारिण ब्राम्हण सभा रायपुर छत्तीसगढ़ के सहयोग से नगर पालिक निगम रायपुर की सामान्य सभा द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग एवं नगर निगम जोन क्रमांक 6 के तत्वावधान में मार्ग नामकरण पट्टीका सिद्धार्थ चौक टिकरापारा एवं कालीबाड़ी चौक में लगा दी गयी है। वहाँ पहुंचकर नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी सहित पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड के पार्षद मृत्युंजय दुबे, सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव डॉक्टर सुशील त्रिवेदी, पूर्व विधायक वीरेन्द्र पाण्डेय, छ.ग. राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ समाज पण्डित अजय तिवारी, सरयूपारिण ब्राम्हण सभा रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश शुक्ला, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व संचालक शिव सिंह ठाकुर, गहोई वैश्य समाज रायपुर के अध्यक्ष अशोक बानी, नगर के पत्रकार सनत चतुर्वेदी, बाबूलाल शर्मा, आशीष सिंह ठाकुर, ओ. पी. मिश्रा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और रायपुर नगर पालिका परिषद में टिकरापारा के वर्ष 1957 में पार्षद रहे स्वर्गीय पण्डित हनुमान प्रसाद दुबे के सुपुत्र सेवनिवृत्त राजस्व अधिकारी अरुण दुबे, पत्रकार अनिरुद्ध दुबे, सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रभात मिश्रा, संजय पाठक, मुरली मनोहर खंडेलवाल, अनिल गुप्ता, राविप्रा के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता दुर्गाशंकर परौहा, नगर निगम के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता संतोष पाण्डेय, सेवानिवृत्त अधिकारी सुभाष चंद्राकर, सुरेन्द्र दुबे, अशोक मिश्रा, हरगोविन्द जोशी, बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, सेवानिवृत्त अधिकारीगणों, कर्मचारियों, नगर निगम रायपुर और रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं टिकरापारा के पूर्व पार्षद स्वर्गीय पण्डित हनुमान प्रसाद दुबे के परिवारजनों की गरिमामय उपस्थिति में मार्ग नामपट्टीका का अनावरण किया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403